ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

15 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 27

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं

# जोहार


15 नवम्बर, 2022





सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 282271 (IPRD) 22-23


धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती
एवं
झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त झारखंडवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
पतरातु डैम , पतरातु रामगढ़
रमेश सिंह
कार्यसमिति सदस्य
(भाजपा झारखंड प्रदेश)

**जोहार : देश का 28वां राज्य 22 वर्ष का हुआ, तैयारी पूरी**

# झारखंड स्थापना दिवस आज, मिलेंगी सौगातें

- सीएम हर वर्ग को देंगे कुछ न कुछ तोहफा
- युवा और रोजगार पर केंद्रित होगा कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

## मुख्यमंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा



**रांची।** देश का 28वां राज्य झारखंड आज 22 वर्ष का हो गया। इसलिए सरकार से लेकर आम लोगों के लिए 15 नवंबर हमेशा से खास दिन रहा है। वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर बने इस राज्य के निवासियों के लिए यह दिन खुशियों से भरा रहता है। इस दिन सरकार की ओर से राज्यवासियों को कुछ न कुछ तोहफा जरूर मिलता है। इसी कड़ी को बढ़ाते हुए इस साल भी स्थापना दिवस की तैयारी पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों के लिए तोहफा का पिटारा भर लिया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री आज मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में करेंगे। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री का फोकस युवा और रोजगार पर रहेगा, लेकिन वह हर वर्ग को कुछ न कुछ सौगात देंगे।

**मोरहाबादी तैयार, मुख्यमंत्री ने लिया जायजा :** स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी में हो रहा है। कार्यक्रम 12.30 शुरू होगा। मोरहाबादी मैदान इसके लिए सजधज कर तैयार हो चुका है। बचे हुए कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंच को फूलों और छऊ नृत्य की विभिन्न भंगिमाओं से सजाया गया है। योजनाओं से संबंधित पोस्टर लगाये गये हैं। कार्यक्रम स्थल को अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया है और लगभग पांच हजार लोगों के बैठने का इंतजाम किया गया है। प्रवेश द्वार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरे आयोजन स्थल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पूरे क्षेत्र में 6 बड़े-बड़े टीवी स्क्रीन लगाये गये हैं। इन पर कार्यक्रम का प्रसारण होगा। इसके अलावा कार्यक्रम का झारटीवी पर सीधा प्रसारण का भी इंतजाम किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद तैयरियों की मॉनटिरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को मोरहाबादी मैदान में तैयारियों का जायजा लिया।

**सरकार गिनायेगी अपनी उपलब्धियां :** हेमंत सरकार का गठन दिसंबर 2019 में हुआ था। अगले महीने सरकार तीन साल पूरा करनेवाली है। इस दौरान कोरोना महामारी जैसी विपरीत परिस्थिति से सरकार को निपटना पड़ा। लॉक डाउन का सामना करना पड़ा। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री ने इन तीन सालों में विपरीत परिस्थिति में किस तरह से काम किया, इसका जिक्र करेंगे। तीन वर्षों में सरकार की उपलब्धियों को बतायेंगे। उनका फोकस युवा और रोजगार पर रहेगा, जिसमें छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में शुरू की गयी योजनाओं, जेपीएससी के जरिए रोजगार, निजी क्षेत्र में स्थानीयों के लिए आरक्षण का जिक्र करेंगे। साथ ही भविष्य में किस तरह से छात्रों और युवाओं को सशक्त बनायेंगे, इसका भी जिक्र करेंगे। इसके अलावा सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की सफलता, सरना कोड, 1932 खतियान आधारित स्थानीयता, ओबीसी आरक्षण में वृद्धि समेत उन तमाम बातों को जनता के सामने रखेंगे, जो मौजूदा सरकार ने राज्य हित में किया है।

### ये सौगातें मिलेंगी

- गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, सीएम सारथी योजना और एकलव्य स्कील स्किम लांच होगा।
- किसानों के लिए एप और पोर्टल।
- सूखाग्रस्त क्षेत्र के पीड़ित किसानों का पंजीकरण शुरू होगा।
- रांची सदर अस्पताल की नयी बिल्डिंग का उउद्घाटन होगा।
- देवघर के अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का उद्घाटन होगा।
- रांची के लालपुर में वेजिटेबल मार्केट का उद्घाटन होगा।
- रांची के प्रोजेक्ट भवन के पास नेहरु पार्क का उद्घाटन।
- नगर निकायों में वाटर सप्लाई योजना का शिलान्यास।
- निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क बनाने की नीति की घोषणा होगी।
- इलेक्ट्रॉनिक वेहिकल पॉलिसी राज्य में लागू किया जायेगा।
- झारखंड इंथेनॉल प्रोडक्शन पॉलिसी-2022 होगी लॉच।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उलिहातू जायेंगी

**तैयारी : चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

- आइजी और डीआइजी ने पुलिस कर्मियों को दी कार्यक्रम की जानकारी
- रांची एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से उलिहातू जायेंगी


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/खूंटी।** झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को रांची पहुंचेंगी और यहां से धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू जायेंगी। इसे देखते हुए कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम को लेकर राज्य के आला अफसरों ने खूंटी के बिरसा कॉलेज स्थित बहुद्देशीय परीक्षा भवन में संयुक्त ग्राफिंग की। इस दौरान आइजी पंकज कंबोज, डीआइजी अनीश गुप्ता, नरेंद्र सिंह, सुनील भास्कर, डीसी शशि रंजन और एसपी अमन कुमार ने सभी मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों और मजिस्ट्रेट को दायित्व और रिहर्सल के बारे में बताया। तैयारी से लेकर सुरक्षा के अलावा विधि व्यवस्था की जानकारी दी। राष्ट्रपति का विमान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंड करेगा, वहां से सेना के हेलीकाप्टर से वह उलिहातू जायेंगी।

राष्ट्रपति पहले 14 नवंबर को झारखंड दौरे पर आनेवाली थीं, लेकिन कार्यक्रम में बदलाव हो गया। अब राष्ट्रपति 15 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगी। मंगलवार सुबह 8.30 बजे राष्ट्रपति सेना के विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। फिर सेना के एमआइ 17 हेलीकॉप्टर से राष्ट्रपति खूंटी के उलिहातू गांव जायेंगी।

उलिहातू बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। राष्ट्रपति वहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी और उनके परिवार से मिलेंगी। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति वायुसेना के एमआइ 17 हेलीकॉप्टर से ही वापस रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। फिर यहां से वह वायुसेना के विमान से मध्यप्रदेश के जबलपुर रवाना हो जायेंगी। जबलपुर से हवाई मार्ग से शहडोल पहुंचेंगी। वहां कार्यक्रम में शामिल होंगी।






सत्यमेव जयते
जनजातीय कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# गौरवशाली इतिहास से स्वर्णिम भविष्य तक



# जनजातीय गौरव दिवस 2022

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस घोषित**

**माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा**

## भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल

उलिहातु गांव (खूंटी जिला), झारखंड में प्रतिमा पर माल्यार्पण
दिनांकः 15 नवंबर, 2022 (समयः 9:30 से 9:45 प्रातः)

## शहडौल में जनजातीय सम्मेलन

स्थानः लालपुर, शहडौल, मध्य प्रदेश
दिनाँकः 15 नवंबर, 2022 (समय : 1:45 से 3:00 बजे अपराह्न)




## जनजातीय सशक्तिकरण के उद्देश्य से सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम एवं उपलब्धियाँ

- एकलव्य विद्यालयों की स्वीकृति में चार गुना से ज़्यादा की वृद्धिः 2014 में 167 विद्यालयों से बढ़कर 2022 में 686 विद्यालय स्वीकृत
- छात्रवृत्ति में दोगुनी वृद्धि : 2014 में ₹978 करोड़ रुपए की तुलना में साल 2022 में ₹2533 करोड़ रुपए आवंटित
- केंद्रीय जनजातीय उप-योजना के बजट में चार गुना से भी अधिक वृद्धि, 2014 में ₹21,525 करोड़ रुपए से बढ़कर 2022 में ₹87854 करोड़ रुपए हुई
- वन अधिकार नियम 2006 के तहत दाखिल 20 लाख व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों के लाभार्थियों को 64 लाख हेक्टेयर भूमि के पट्टे दिये गये।
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 36,428 ग्रामों का चरणबद्ध समन्वित एवं एकीकृत विकास
- मिशन वन धन में 55036 वन धन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 लाख परिवार लाभान्वित
- न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत शामिल छोटे वन उत्पादों की संख्या 2014 में 12 से सात गुना बढ़कर 2022 में 87 हो गई।
- जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य और पराक्रम भरे योगदान से प्रेरणा लेने के लिए पूरे भारत में 10 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए जा रहे हैं।
- स्वीकृत जनजातीय अनुसंधान संस्थानों की संख्या 2014 में 17 से बढ़कर 2022-23 में 27 हुई

CBC 43101/13/0017/2223

SURJABASHA






CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


# मुख्यमंत्री ने दिये पूर्व रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों और तीन अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश

**पूर्व मंत्री अमर बाउरी, नीरा यादव, लुइस मरांडी, रणधीर सिंह और नीलकंठ के खिलाफ एसीबी करेगी जांच**

**देवघर के तत्कालीन दो सीओ और रजिस्ट्रार के खिलाफ भी जांच के आदेश**







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रघुवर सरकार के पूर्व पांच मंत्रियों और तीन अधिकारियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में मामला दर्ज कर जांच का निर्देश दिया है। इनमें से चार वर्तमान में विधायक हैं। सरकार के इस निर्णय से राज्य की सियासत फिर गरमा गयी है। सोमवार को मुख्यमंत्री सोरेन ने जिन पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया है, उनमें अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव और नीलकंठ सिंह मुंडा के नाम शामिल हैं। ये चारों वर्तमान में विधायक हैं।

इन लोगों के साथ ही पूर्व मंत्री लुइस मरांडी की भी जांच होगी। लुइस मरांडी पूर्व विधायक हैं। इनके अलावा देवघर के तत्कालीन सीओ जयवर्धन कुमार और अमर प्रसाद और रजिस्ट्रार राहुल चौबे के खिलाफ भी जांच का आदेश दिया गया है। इन सभी लोगों के विरुद्ध प्रत्यानुपातिक धनार्जन का आरोप है।

बता दें कि पंकज कुमार यादव बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने पूर्व सरकार के मंत्रियों के विरुद्ध जांच दर्ज कर गोपनीय सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से किया था। इसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची ने पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, पूर्व मंत्री रणधीर कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ नीरा यादव, पूर्व मंत्री लुइस मरांडी और पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा पर परिवादी के लगाये गये प्रत्यानुपातिक धनार्जन के आरोप के लिए अब तक के गोपनीय सत्यापन से पुष्टि होने का उल्लेख करते हुए उनके विरुद्ध अलग-अलग प्रीमिलरी इंक्वायरी (पीई) दर्ज करने के लिए अनुमति मांगी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के सत्यापन प्रतिवेदन के उपरांत मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मुख्यमंत्री से पूर्व मंत्रियों के विरुद्ध प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रतर जांच के लिए पीई दर्ज करने के बिंदु पर अनुरोध किया गया था।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर निबंधन करने में संलिप्त देवघर के अमर प्रसाद तत्कालीन अंचल अधिकारी, जयवर्द्धन कुमार तत्कालीन अंचल अधिकारी एवं राहुल चौबे तत्कालीन अवर जिला निबंधक के खिलाफ भी पीई दर्ज करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, देवघर को इन पदाधिकारियों के विरुद्ध मौजा श्यामगंज, थाना नंबर 413, प्लॉट नंबर 240, कुल रकबा 114.78 डि. भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत कर अवैध रूप से भूमि की खरीद बिक्री से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। इससे संबंधित उपायुक्त देवघर ने पर्याप्त साक्ष्य भी प्रस्तुत किये थे।


JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Ref. No. : 4404 — Date: 14/11/2022

**Corrigendum Notice**

**Tender Ref. No. 3939, Dated: 02.10.2022**

This is to inform all the bidders that following amendments/Corrigendum are being made in tender documents (Ref. Tender Notice No. 3939, Date 02.10.2022) for **TENDER for Selection of System Integrator for Implementation of GPS based Vehicle Tracking System and Setting Up of Command-and-Control Centre through Reverse e-Auction. For convenience and clarity, the Corrigendum is being uploaded on the website also.**

| Sl. No. | Previous Clause | Stands amended and to be read as |
|---|---|---|
| 1. | Last Date & Time for submission of Completed E-Tender Documents Online 15/11/2022 at 18:00 Hrs. | Last Date & Time for submission of Completed E-Tender Documents Online 22/11/2022 at 18:00 Hrs. |
| 2. | Last Date of EMD Submission 15/11/2022 at 18:00 Hrs. | Last Date of EMD Submission 22/11/2022 at 18:00 Hrs. |
| 3. | Date & Time of Technical Bid opening 16/11/2022 at 18:00 Hrs. | Date & Time of Technical Bid opening 23/11/2022 at 18:00 Hrs. |

* All bidders are advised to include all the corrigendum Published on the Website till Last Date of Bid submission, without all Corrigendum, Bid is subject to rejection.

General Manager (Opr.),
JSFC Hqr., Ranchi





# सीएम हेमंत ने राज्यपाल की कार्रवाई पर रोक को लेकर हाइकोर्ट में दाखिल की रिट याचिका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने कहा है कि लीज आवंटन मामले में चुनाव आयोग ऑफ इंडिया के मंतव्य पर राज्यपाल की किसी कार्रवाई पर रोक लगायी जाये। कोर्ट से यह भी कहा गया है कि राज्यपाल ने चुनाव आयोग से जो सेकंड ओपिनियन मांगा है, वह असंवैधानिक है। सेकंड ओपिनियन पर अगर किसी तरह की कार्रवाई राज्यपाल करते हैं, तो उस पर मुख्यमंत्री का भी पक्ष सुना जाये। मीडिया रिपोर्ट में राज्यपाल के द्वारा चुनाव आयोग से सेकंड ऑपिनियन मांगे जाने के संबंध में कहा गया है। चुनाव आयोग ने इस तरह के किसी भी तरह के सेकंड ओपिनियन राज्यपाल द्वारा मांगे जाने से इनकार किया है। रिट में कहा गया है कि राज्यपाल ने जो सेकंड ओपिनियन मांगे जाने की बात कही है, उस पर चुनाव आयोग ने इनकार किया है। याचिका में कहा गया है कि इससे राज्य में अस्थिरता का माहौल है। इस आशय की जानकारी मुख्यमंत्री के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने दी। पीयूष ने बताया कि दीपावली के बाद जब राज्यपाल रायपुर गये थे, तो उन्होंने कहा था कि दीपावली के बाद लिफाफा बम फटेगा।


## पूर्व तट रेलवे

**खोरधा रोड मण्डल के 60 SLRs एवं 8 VPs की ई-नीलामी**

**(क) VPs का विवरण :**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. एवं क्षमता (टन में) | से-तक | लॉट समाप्ति होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 12898-12897 एवं 24 T | भुवनेश्वर-पुडुचेरी | 30.11.22, 1030 बजे |
| 2 | 12815-12816 एवं 24 T | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 30.11.22, 1040 बजे |
| 3 | 18477-18478 एवं 23 T | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | 30.11.22, 1050 बजे |
| 4 | 12819-12820 एवं 24 T | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 30.11.22, 1100 बजे |
| 5 | 12875-12876 एवं 24 T | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 30.11.22, 1110 बजे |
| 6 | 12830-12829 एवं 24 T | भुवनेश्वर-चेन्नई सेन्ट्रल | 30.11.22, 1120 बजे |
| 7 | 18463-18464 एवं 24 T | भुवनेश्वर-बैंगलूरु | 30.11.22, 1130 बजे |
| 8 | 22805-22806 एवं 24 T | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 30.11.22, 1140 बजे |

फ्रंट/रीयर SLR: VP (क्रम सं. 1 से 8), यातायात दिवस: 1 दिन (क्रम सं.1,6 एवं 8), 2 दिन (क्रम सं. 2 एवं 4), 7 दिन (क्रम सं. 3 एवं 7), 3 दिन (क्रम सं. 5), लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 30.11.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 8 हेतु), न्यूनतम वृद्धि : 0.20% (क्रम सं. 1 से 8 हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 8 हेतु)।

**(ख) SLRs का विवरण :**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. एवं क्षमता (टन में) | से-तक | लॉट समाप्ति होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 22866 एवं 4T | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 28.11.2022, 1030 बजे |
| 2 | 22866 एवं 4T | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 28.11.2022, 1040 बजे |
| 3 | 22882 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-पुणे | 28.11.2022, 1050 बजे |
| 4 | 20861 एवं 3.9T | पुरी-अहमदाबाद | 28.11.2022, 1100 बजे |
| 5 | 22974 एवं 3.9T | पुरी-गांधीधाम | 28.11.2022, 1110 बजे |
| 6 | 22910 एवं 3.9T | पुरी-वलसाड़ | 28.11.2022, 1120 बजे |
| 7 | 12898 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-पुडुचेरी | 28.11.2022, 1130 बजे |
| 8 | 18419 एवं 3.9T | पुरी-जयनगर | 28.11.2022, 1140 बजे |
| 9 | 12281 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | 28.11.2022, 1150 बजे |
| 10 | 18449 एवं 3.9T | पुरी-पटना | 28.11.2022, 1200 बजे |
| 11 | 22827 एवं 3.9T | पुरी-सूरत | 28.11.2022, 1210 बजे |
| 12 | 12146 एवं 3.9T | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 28.11.2022, 1220 बजे |
| 13 | 12845 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-बैंगलोर कैंट | 28.11.2022, 1230 बजे |
| 14 | 20817 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | 28.11.2022, 1240 बजे |
| 15 | 17479 एवं 4T | पुरी-तिरुपति | 28.11.2022, 1250 बजे |
| 16 | 17479 एवं 4T | पुरी-तिरुपति | 28.11.2022, 1300 बजे |
| 17 | 20472 एवं 3.9T | पुरी-बीकानेर | 28.11.2022, 1310 बजे |
| 18 | 22833 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम | 28.11.2022, 1320 बजे |
| 19 | 12994 एवं 3.9T | पुरी-गांधीधाम | 28.11.2022, 1330 बजे |
| 20 | 22871 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-तिरुपति | 28.11.2022, 1340 बजे |
| 21 | 20819 एवं 3.9T | पुरी-ओखा | 28.11.2022, 1350 बजे |
| 22 | 22836 एवं 3.9T | पुरी-शालीमार | 28.11.2022, 1400 बजे |
| 23 | 22879 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-तिरुपति | 28.11.2022, 1410 बजे |
| 24 | 12888 एवं 3.9T | पुरी-शालीमार | 28.11.2022, 1420 बजे |
| 25 | 20918 एवं 3.9T | पुरी-इंदौर | 28.11.2022, 1430 बजे |
| 26 | 20896 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | 28.11.2022, 1440 बजे |
| 27 | 18447 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-जगदलपुर | 28.11.2022, 1450 बजे |
| 28 | 12822 एवं 3.9T | पुरी-शालीमार | 28.11.2022, 1500 बजे |
| 29 | 22840 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-राउरकेला | 28.11.2022, 1510 बजे |
| 30 | 18417 एवं 4T | पुरी-गुणुपुर | 28.11.2022, 1520 बजे |
| 31 | 18417 एवं 4T | पुरी-गुणुपुर | 28.11.2022, 1530 बजे |
| 32 | 12880 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 28.11.2022, 1540 बजे |
| 33 | 22811 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | 28.11.2022, 1550 बजे |
| 34 | 22202 एवं 3.9T | पुरी-सियालदाह | 28.11.2022, 1600 बजे |
| 35 | 22805 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 28.11.2022, 1610 बजे |
| 36 | 22823 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | 28.11.2022, 1620 बजे |
| 37 | 20837 एवं 4T | भुवनेश्वर-जुनागड़ रोड | 29.11.2022, 1030 बजे |
| 38 | 20837 एवं 4T | भुवनेश्वर-जुनागड़ रोड | 29.11.2022, 1040 बजे |
| 39 | 12819 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 29.11.2022, 1050 बजे |
| 40 | 12815 एवं 3.9T | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 29.11.2022, 1100 बजे |
| 41 | 18452 एवं 3.9T | पुरी-हटिया | 29.11.2022, 1110 बजे |
| 42 | 22819 एवं 4T | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 29.11.2022, 1120 बजे |
| 43 | 22819 एवं 4T | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 29.11.2022, 1130 बजे |
| 44 | 22819 एवं 4T | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 29.11.2022, 1140 बजे |
| 45 | 18126 एवं 4T | पुरी-राउरकेला | 29.11.2022, 1150 बजे |
| 46 | 18126 एवं 4T | पुरी-राउरकेला | 29.11.2022, 1200 बजे |
| 47 | 18410 एवं 4T | पुरी-शालीमार | 29.11.2022, 1210 बजे |
| 48 | 18410 एवं 4T | पुरी-शालीमार | 29.11.2022, 1220 बजे |
| 49 | 12875 एवं 3.9T | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 29.11.2022, 1230 बजे |
| 50 | 18425 एवं 3.9T | पुरी-दुर्ग | 29.11.2022, 1240 बजे |
| 51 | 12843 एवं 3.9T | पुरी-अहमदाबाद | 29.11.2022, 1250 बजे |
| 52 | 12801 एवं 3.9T | पुरी-नई दिल्ली | 29.11.2022, 1300 बजे |
| 53 | 20813 एवं 4T | पुरी-जोधपुर | 29.11.2022, 1310 बजे |
| 54 | 20813 एवं 4T | पुरी-जोधपुर | 29.11.2022, 1320 बजे |
| 55 | 12896 एवं 3.9T | पुरी-शालीमार | 29.11.2022, 1330 बजे |
| 56 | 18477 एवं 4T | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | 29.11.2022, 1340 बजे |
| 57 | 18477 एवं 4T | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | 29.11.2022, 1350 बजे |
| 58 | 20823 एवं 3.9T | पुरी-अजमेर | 29.11.2022, 1400 बजे |
| 59 | 11020 एवं 3.9T | भुवनेश्वर-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | 29.11.2022, 1410 बजे |
| 60 | 22859 एवं 3.9T | पुरी-चेन्नई सेन्ट्रल | 29.11.2022, 1420 बजे |

फ्रंट/रीयर SLR: F1 (क्रम सं.1,5,7,13,14,16,18 से 20,22 से 25,27 से 29,31,33 से 36,38 से 40,43,46,47,49,52,54,55,57 एवं 59), R1 (क्रम सं. 2 से 4,6,8 से 12,15,17,21,26,30,32, 37,41,44,45,48,50,51,53,56,58 एवं 60), F2 (क्रम सं. 42), यातायात दिवस: 1 दिन (क्रम सं. 1 से 14,17 से 26,35,53 to 55,59 एवं 60), 5 दिन (क्रम सं. 15 एवं 16), 7 दिन (क्रम सं. 27 से 31,37,38,41 से 48,50,52,56 एवं 57), 2 दिन (क्रम सं. 32,33,39 एवं 58), 3 दिन (क्रम सं. 34 एवं 49), 4 दिन (क्रम सं. 36,40 एवं 51), लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय: 28.11.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 36 हेतु) एवं 29.11.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 37 से 60 हेतु), न्यूनतम वृद्धि: 0.20% (क्रम सं. 1 से 60 हेतु), लॉट स्थिति: ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 60 हेतु)।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

PR-689/N/22-23 — वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/खोरधा रोड



## सैनिक स्कूल तिलैया

**पो-तिलैया डैम**
**जिला- कोडरमा (झारखंड)**

विद्यालय के प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्रों की ओर से झारखंड वासियों को झारखंड के 22वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**सूचना**

सैनिक स्कूल तिलैया में कक्षा छः एवं नवम् में सत्र 2023-24 के नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वेबसाइट aissee.nta.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022 है।

No. SST/EST/23/ 14 Nov 2022 — प्राचार्य










# पारस अस्पताल में बाल दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता और प्रिविलेज कार्ड लांच हुआ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर पारस एचइसी हॉस्पिटल रांची में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों के लगभग 1600 बच्चों ने भाग लिया। वहीं अस्पताल कैंपस में बच्चों के लिए मैजिक शो और अभिभावकों के लिए हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। मरीजों के लिए पारस प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया। इस कार्ड के तहत लाभार्थी को साल में एक बार फ्री हेल्थ चेकअप और ओपीडी या आइपीडी में इलाज कराने पर विशेष छूट मिलेंगी। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने कहा कि पारस प्रिविलेज कार्ड का लांच एक सराहनीय कदम है। फेसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने प्रिविलेज कार्ड के अन्य फायदों के बारे में बताया। कहा कि ओपीडी से लेकर एडमिट होने तक में कार्ड के माध्यम से विशेष छूट मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ अशोक वैद्य, डॉ रमेश, डॉ अंकुर, डॉ एके ठाकुर, डॉ नवरत्न, डॉ विकास, डॉ परितोष, डॉ अनुराग प्रत्यूष, डॉ अंशु सहित अन्य मौजूद थे।

# लिटिल विंग्स स्कूल में चिल्ड्रेंस डे मना



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में चिल्ड्रेंस डे काफी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पमाला पहनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने बच्चों को चिल्ड्रेंस डे की शुभकामनाएं दी। श्री शाहदेव ने बच्चों के साथ मिलकर केक भी काटा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से आयोजित मैजिक शो को बच्चों ने काफी एंजॉय किया। अंत में टीचर्स और स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मुनमुन कर्मकार ने किया।

# मारवाड़ी कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी कॉलेज में सोमवार को झारखंड स्थापना दिवस पूर्व संध्या समारोह के तहत जनजातीय गौरव दिवस सह पुस्तक विमोचन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम में डॉ वृंदावन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के योगदान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कहा कि आजादी की लड़ाई के साथ-साथ जनजातियों के उनके अधिकार को दिलाने में धरती आबा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने झारखंडेक माटी दादा स्वर्ग समान रे..., सुनाकर छात्र-छात्राओं में उत्साह भरा। कार्यक्रम में प्रोफेसर इंचार्ज डॉ राजीव रंजन शर्मा, डॉ महेश्वर सारंगी, प्रो महामनी कुमारी, डॉ अशोक कुमार महतो, डॉ अनुपमा मिश्रा, प्रो राहुल कुमार और प्रो अमित कुमार ने भी अपने विचार साझा किये। मौके पर कॉलेज के नवनियुक्त मुंडारी शिक्षक डॉ खातिर हेमरोम की दो पुस्तकों, बिरसा मुंडा का उलगुलान व मुंडा आदिवासी जीवन दर्शन का विमोचन प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया।


























आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## हैप्पी बर्थ डे झारखंड : झारखंड में सब कुछ तो है-जोश, होश और जिम्मेदारियों का एहसास भी

# विकास-उपलब्धियों का प्रतिमान गढ़ा, लेकिन अभी और आगे जाना है

**अपना झारखंड आज 22 वर्ष का हो गया। सपनों और उम्मीदों के 22 वर्ष पूरे हुए। संघर्ष और शहादत ने झारखंड को राज्य के रूप में पहचान दिलायी। वर्ष 2000 में धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के साथ झारखंड गठन का सुखद संयोग बना है। पिछले 22 वर्षों में अपने राज्य ने विकास और उपलब्धियों का प्रतिमान भी गढ़ा है। बीहड़ जंगल, पहाड़ों तक विकास ने नयी करवट ली है। राज्य के सुदूर आदिवासी इलाके में भी बदलाव आया है। आधारभूत संरचना से लेकर कला-संस्कृति और खेल के क्षेत्र तक में झारखंड ने भारत के नक्शे पर जगह बनायी है। भारत के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में उभरे झारखंड के लिए यह दिन कभी ना भूलनेवाला है। वैसे तो 15 नवंबर का दिन झारखंड के लिए खुशियां मनाने का है, लेकिन यह इस बात का हिसाब-किताब करने का भी मौका है कि इन 22 वर्षों के दौरान राज्य ने क्या हासिल किया और क्या खोया। यदि हिसाब लगाया जाये, तो झारखंड ने इन 22 सालों में काफी कुछ हासिल किया, लेकिन फिर जब राज्य के पिछड़ेपन के आंकड़े पर नजर जाती है, तब एहसास होता है कि अभी तो झारखंड को लंबा सफर तय करना है, क्योंकि विकास के ये प्रतिमान तब तक अधूरे हैं, जब तक विकास की किरणें हर घर के आंगन से आवाज नहीं लगायें। जिस दिन यह आवाज आने लगेगी, उस धरती आबा का सपना पूरा होने लगेगा, जिसके लिए उन्होंने और हजारों दूसरे लोगों ने अपना सब कुछ होम कर दिया। झारखंड के 22वें स्थापना दिवस पर राज्य के सामने उपस्थित इन्हीं चुनौतियों को रेखांकित करती आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह की खास रिपोर्ट।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

आज का दिन अपने झारखंड के लिए बेहद खास है, क्योंकि आज अपना राज्य 22 साल पूरे कर रहा है। झारखंड अब गबरू जवान हो गया है। अपनी बाल्यावस्था की मासूमियत और किशोरावस्था की चंचलता को झारखंड पीछे छोड़ आया है। कहने का मतलब यह है कि झारखंड के पास अपनी जिम्मेदारियों का बोझ ढोने लायक क्षमता पूरी तरह विकसित हो गयी है। यह विमर्श का अलग मुद्दा हो सकता है कि झारखंड अपनी इस क्षमता का पूरा इस्तेमाल कर पा रहा है या नहीं। जैसा किसी भी बच्चे के साथ होता है कि उसके जवान होते ही परिवार और समाज में उसकी बातों को, उसकी सोच को, उसकी गतिविधियों को, उसके भविष्य को और उसके विचारों को महत्व दिया जाने लगता है। उस बच्चे में जिम्मेदारी का नया एहसास कराया जाता है और उसे अकसर याद दिलायी जाती है कि वह अब बच्चा नहीं रहा। झारखंड के साथ भी अब यही कुछ हो रहा है। देश और दुनिया में उसे एक ऐसे प्रदेश के रूप में देखा जा रहा है, उसकी उपलब्धियों का गहन मूल्यांकन किया जा रहा है कि कभी-कभी यह झारखंड के साथ नाइंसाफी जैसा लगता है। लेकिन यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि झारखंड का आगे का सफर निरापद हो सके।

### संकल्प लेने का दिन

लौटते हैं झारखंड के बर्थडे की तरफ। इस बात में कोई संदेह नहीं कि झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के लिए यह दिन बेहद खास है। खास इसलिए, क्योंकि यह जश्न मनाने का दिन तो है, लेकिन साथ ही उन चुनौतियों से पार पाने का रास्ता तलाशने का भी अवसर है, जिसने इस राज्य के विकास की गाड़ी में ब्रेक लगा रखा है। इसके साथ ही यह दिन जश्न मनाने के साथ नया संकल्प लेने का भी है। झारखंड ने अपने पुरखों और आंदोलनकारियों की आंखों के रंगीन सपनों को आत्मसात किया हुआ है। इसलिए इसके दिल में अरमानों का सागर हिलोरें ले रहा है और निगाहें दुनिया को पहचानने लायक हो गयी हैं। झारखंड में सब कुछ है, जोश, होश और जिम्मेदारियों का एहसास भी।

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि झारखंड ने इन 22 सालों में प्रगति भी की है, लेकिन वह काफी नहीं है। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर के अलावा रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के स्तर पर अब भी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है। यदि पीछे मुड़ कर हम देखें तो पता चलता है कि झारखंड में पैदा हुआ बच्चा कितना जिम्मेवार, कितना वयस्क और कितना जागरूक बन गया है। यह भी एक हकीकत है कि तमाम ऊंचाइयां हासिल करने के बावजूद कुछ ऐसी चुनौतियां झारखंड के सामने मुंह बाये खड़ी हैं, जिन्हें हमेशा के लिए खत्म करना अब जरूरी हो गया है।

करीब तीन साल पहले राज्य में पहली बार झामुमो के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार ने सत्ता संभाली। झामुमो ने अलग झारखंड राज्य के लिए जो लड़ाई लड़ी, जो कुर्बानी दी, उसकी गवाही तो इतिहास देगा ही, लेकिन उस समय झारखंड की सवा तीन करोड़ की आबादी की आंखों में उम्मीद की नयी किरण दिखाई पड़ी थी। यह किरण आज भी चमक रही है और हेमंत सोरेन की सरकार उसे पूरा करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। पिछले 35 महीने में इस सरकार ने बहुत से काम किये हैं, लेकिन यह नाकाफी है, कुछ मोर्चों पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

झारखंड के सामने सबसे बड़ी चुनौती यहां की गरीबी से पार पाना है। राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आमदनी से लगभग आधी है, जबकि राज्य की विकास दर बीते 22 साल में सात-आठ प्रतिशत रही है। इसका मतलब यह हुआ कि राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए झारखंड को अपने आर्थिक विकास की गति को तेज करना होगा। भारत की औसत प्रति व्यक्ति आमदनी तक पहुंचने के लिए झारखंड को कम-से-कम 11 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा। यह भी हकीकत है कि केवल विकास दर बढ़ाने से ही झारखंड का काम नहीं चल सकता। राज्य में व्याप्त असमानता को भी दूर करना होगा। झारखंड को मानव विकास सूचकांक के हर स्तर पर आगे बढ़ना होगा। इन सभी स्तरों पर जब तक सम्यक रूप से नीति बना कर काम नहीं किया जायेगा, तब तक झारखंड के लिए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना मुश्किल है। हालांकि, झारखंड जैसे संसाधन-संपन्न राज्य के लिए यह कोई मुश्किल काम नहीं है।



### कृषि पर फोकस करना होगा

इसके साथ झारखंड को अपने कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना होगा। यहां की करीब 50 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र से सक्रिय रूप से जुड़ी है, लेकिन राज्य की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान महज 14-15 प्रतिशत ही है, जबकि राज्य के केवल ढाई फीसदी लोग खनन क्षेत्र से जुड़े हैं और जीडीपी में उनका योगदान 12 प्रतिशत है। करीब साढ़े छह फीसदी रोजगार देनेवाला विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी में हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है। ये आंकड़े बताते हैं कि झारखंड के विकास का पैटर्न बहुत विषम है और यह विषमता कई चुनौतियों को जन्म देती है। इसके बारे में सरकार को गहराई से सोचना पड़ेगा। झारखंड जैसे गरीब और प्रति व्यक्ति कम आमदनी वाले राज्य में छोटे और मंझोले उद्योगों का होना बहुत जरूरी है, ताकि वे लोगों की आर्थिक स्थितियों के हिसाब से वस्तुओं का निर्माण कर सकें। यह समझना होगा कि बड़ी औद्योगिक इकाइयों से ज्यादा रोजगार उत्पन्न नहीं होता। उनकी सीमाएं होती हैं और वे शहरों तक ही सीमित रहती हैं, जबकि छोटे और मंझोले उद्योगों से ज्यादा रोजगार उत्पन्न होता है। इसलिए विनिर्माण और खनन क्षेत्र में जीडीपी तो बहुत आता है, लेकिन बमुश्किल 10 प्रतिशत ही रोजगार उत्पन्न होता है। इसलिए झारखंड सरकार को चाहिए कि वह छोटे और मंझोले उद्योगों की ओर ध्यान दे, ताकि ज्यादा-से-ज्यादा और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी रोजगार की उपलब्धता बन सके।

### छोटे और मंझोले उद्योगों की जरूरत

झारखंड की आधी शहरी आबादी केवल चार शहरों में रहती है। ये हैं, रांची, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद। छोटे शहरों में कम लोग रहते हैं और उनका ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ाव बहुत कम है। यह स्थिति झारखंड के सर्वांगीण विकास में बाधक है। ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र से जोड़ना बहुत जरूरी है, ताकि विकास बराबर हो सके। बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, खनन, कृषि, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में छोटे उद्योग लगाना बहुत जरूरी है।

### कर्ज का बोझ, गरीबी और बेरोजगारी को पार पाना बड़ी चुनौती

झारखंड के सामने एक बड़ी समस्या कर्ज का बोझ है। राज्य पर इस समय करीब 86 करोड़ रुपये का कर्ज है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से 2014 तक राज्य ने जितना कर्ज लिया, उससे अधिक कर्ज 2014 से 2019 के बीच लिया गया। जाहिर सी बात है कि हेमंत सोरेन के सामने राज्य पर इतने भारी कर्ज को उतारने की बड़ी चुनौती है। इतना ही नहीं, राज्य के किसानों पर भी छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज चढ़ा हुआ है, जिसे उतारना भी बड़ा चैलेंज है। इसके अलावा झारखंड पर लगे गरीब राज्य के टैग को भी हटाने की चुनौती है। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड की करीब 37 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करती है। झारखंड की प्रतिवर्ष खाद्यान्न आवश्यकता लगभग 50 लाख मीट्रिक टन की है, जबकि सबसे अनुकूल हालात में यहां खाद्यान्न उत्पादन 40 लाख मीट्रिक टन ही हो पाता है। ऐसे में इस 10 लाख मीट्रिक टन की खाई को पाट पाना बहुत बड़ी चुनौती है। गरीबी के अलावा बेरोजगारी भी झारखंड की बड़ी समस्या है। बताया जाता है कि झारखंड सर्वाधिक बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और सर्वाधिक बेरोजगारी दरों वाले प्रदेश में से एक है। सर्वाधिक बेरोजगारी वाले देश के 11 राज्यों में से झारखंड पांचवें स्थान पर है। यहां प्रत्येक पांच में से एक युवा बेरोजगार है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड के 46 प्रतिशत स्नातक और 49 प्रतिशत युवाओं को रोजगार नहीं मिलता।

### प्रशासनिक अस्थिरताः 22 साल में साढ़े सात लाख अफसरों-कर्मचारियों का तबादला

तमाम बौद्धिक विश्लेषणों से अलग जो बात आज झारखंड के संदर्भ में चुभती है, वह है यहां की प्रशासनिक अस्थिरता। स्थापना के पहले 14 साल इस राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का जो दौर झेला, उसे दुनिया देख चुकी है। लेकिन उस अस्थिरता की जो कीमत झारखंड ने चुकायी, उसका अंदाजा शायद किसी को नहीं है। राजनीतिक अस्थिरता की कीमत का अंदाजा झारखंड को मिला, तो उसने इस चुनौती से पार पा लिया, लेकिन उसके साथ-साथ चल रही प्रशासनिक अस्थिरता अब भी बनी हुई है। मोटे अनुमान के अनुसार झारखंड में पिछले 22 साल के दौरान करीब साढ़े सात लाख सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया। यानी हर साल करीब 35 हजार। यदि हिसाब लगाया जाये, तो झारखंड में हर दिन करीब एक सौ अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला किया जाता है। यह चौंकानेवाला आंकड़ा है और इसकी कीमत का अंदाजा किसी को नहीं है।

इतने बड़े पैमाने पर तबादला करने से कार्यपालिका जिम्मेदार नहीं बन पाती। अफसर जब तक एक जिम्मेदारी समझते हैं, तब तक उन्हें बदल दिया जाता है। नतीजा यह होता है कि वे कोई काम कर ही नहीं सकते। यही कारण है कि आज तक झारखंड उन रास्तों पर आगे नहीं बढ़ सका है, जिन पर उसे कार्यपालिका की मजबूत और विश्वसनीय गाड़ी ले जा सकती है। इस प्रशासनिक अस्थिरता का परिणाम यह हुआ है कि धरातल पर उतरनेवाली योजनाएं भी हवा-हवाई बन कर रह गयी हैं। प्रशासन को राज्य और आम जनता के प्रति जिम्मेदार बनाने की बजाय राजनीतिक नेतृत्व के प्रति जिम्मेदार बना दिया गया है। झारखंड के पिछड़ेपन का यह एक बड़ा कारण है और बड़ी चुनौती भी।

### अबुआ दिशुम अबुआ राज को स्थापित करने का समय

निस्संदेह 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' का नारा लंबे समय से आदिवासी समाज का सर्वप्रिय नारा रहा है। माना जाता है कि संथाल-हूल से इसकी उत्पत्ति हुई थी। लेकिन आज के समकालीन संदर्भों में यह किस प्रकार से साकार किया जा सकेगा, झारखंड के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्यभार है। खासकर तब, जब हम सब चाहे अनचाहे एक ग्लोबल आर्थिक चेन में आबद्ध होकर चल रहे हैं, तो ऐसे में जन आकांक्षाएं लोकल हो ही सकती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें भी एक व्यापक फलक पर ले जाना जरूरी है। तभी हमारी संवैधानिक मान्यताओं के वास्तविक लोकतांत्रिक परंपरा की स्थापना हो सकेगी। साथ ही सबसे बढ़कर आज जिस संविधान को बचाने की जंग लड़ी जा रही है, उसकी भी मर्यादाओं की स्थापना हो सकेगी।

### विकास के गढ़े प्रतिमान

यदि झारखंड के 22 साल के सफरनामे पर नजर दौड़ायें, तो पता चलता है कि झारखंड ने विकास के कई प्रतिमान गढ़े हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, कृषि, ऊर्जा और दूसरे क्षेत्रों में बहुत काम हुआ है। कोरोना के वैश्विक संकट का झारखंड ने जिस तरह सामना किया, उससे पूरी दुनिया इसकी कायल हो गयी। इतना ही नहीं, अपनी गलतियों से सीखने की प्रवृत्ति ने झारखंड को एक उत्सुक प्रदेश के रूप में अच्छी-खासी ख्याति दिलायी है। राज्य में नक्सलवाद दम तोड़ चुका है और अब इस राज्य का आगे का सफर पूरी तरह निरापद होगा, यही उम्मीद है।







# चुनौतियों के बीच उम्मीद

इंडोनेशिया के बाली में मंगलवार से शुरू हो रहे जी-20 देशों के 17वें शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार रात रवाना हो गये। यह सम्मेलन भारत के लिए खास इसलिए भी है कि इसमें जी-20 की अध्यक्षता उसे मिलने वाली है। यह अध्यक्षता एक साल के लिए ही है, लेकिन महत्वपूर्ण इस मायने में है कि दुनिया जब जबरदस्त चुनौतियों से घिरी है, तब भारत को यह जिम्मेदारी मिल रही है। बहरहाल, जी-20 की यह शिखर बैठक जिन परिस्थितियों में हो रही है, वे भी किसी मायने में सामान्य नहीं कही जा सकतीं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। ऐसे में रूस की मौजूदगी में शिखर बैठक का माहौल कितना सामान्य और सौहार्दपूर्ण रह पायेगा, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि शिखर बैठक से पहले ही रूस ने साफ कर दिया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन इसमें शिरकत नहीं करेंगे, न ही इस बैठक को वर्चुअली संबोधित करेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस की नुमाइंदगी करेंगे। इसके बावजूद कई सदस्य राष्ट्रों के प्रमुख रूस की मौजूदगी को लेकर इस कदर असहज महसूस कर रहे थे कि सभी नेताओं का ग्रुप फोटो लेने का पारंपरिक कार्यक्रम इस बार टाल दिया गया है। देखना होगा कि सम्मेलन के आखिर में कोई साझा वक्तव्य भी जारी हो पाता है या नहीं। मगर इन सबके बीच शिखर बैठक के दौरान विभिन्न नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठकों को बेहद अहम माना जा रहा है। खास कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात पर सबकी नजरें टिकी हैं। बतौर राष्ट्रपति बाइडन की यह शी से पहली ही आमने-सामने की मुलाकात है, लेकिन ताइवान को लेकर दोनों देशों के बीच हाल में बनी तनातनी के मद्देनजर इसकी अहमियत बढ़ गई है। इस बीच उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण तनाव का एक और बिंदु बन कर उभरे हैं। माना जा रहा है कि शी चिन फिंग के साथ मुलाकात में बाइडन यह मसला भी उठायेंगे। उत्तर कोरिया इस साल 60 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च कर चुका है जो पिछले कुछ समय से हर साल किये जाने वाले औसत लॉन्च के दोगुने से भी ज्यादा है। अमेरिका का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया का यही रवैया रहा, तो उसे उस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का फैसला करना पड़ेगा। अगर ऐसा हुआ तो उस क्षेत्र में एक अलग तरह की होड़ शुरू हो सकती है, जो किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी विभिन्न नेताओं से मिलेंगे, लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी के साथ उनकी मुलाकात का कोई कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है। फिर भी इस महत्वपूर्ण मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता जुट रहे हैं तो उम्मीद इससे दूर खड़ी नहीं रह सकती। देखना होगा कि दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने का क्या हल इस दो दिवसीय बैठक से निकलता है।

**अमेरिका का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया का यही रवैया रहा तो उसे उस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का फैसला करना पड़ेगा। अगर ऐसा हुआ तो उस क्षेत्र में एक अलग तरह की होड़ शुरू हो सकती है, जो किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**झारखंड की बड़ी समस्या यातायात की है। अभी तो राजधानी रांची में कुछ फ्लाईओवर बनने शुरू हुए हैं, जिन्हें आज से 20 साल पहले बनना चाहिए था। इसी प्रकार पटना में मेट्रो शुरू होने जा रहा है। जयपुर में शुरू हो चुका लगभग सभी राजधानियों ने इस पर विचार किया, लेकिन झारखंड कभी मोनोरेल तो कभी कुछ इस तरह के प्रयोगों से ना सिर्फ जनता के पैसे बर्बाद करता रहा, बल्कि समय भी गंवाता गया।**

# कम करनी थी भीड़, बढ़ाते चले गये



**सुनील बादल**



झारखंड राज्य बनने के समय अनेक पत्रकारों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों ने कहा था कि झारखंड बहुत बड़ी संभावनाओं वाला राज्य बनेगा और अति उत्साह में रूर घाटी के समकक्ष बताया गया था। यह भी कहा गया था कि यह सबसे समृद्ध राज्य होगा, जिसके पास अकूत खनिज संपदा है, पर अस्थिर सरकारों, राजनीतिक प्रयोगों और अदूरदर्शिता के साथ परंपरागत पुरातन पंथी तदर्थवाद ने झारखंड की गति न सिर्फ धीमी कर दी, बल्कि छोटी-छोटी समस्याओं में उलझा कर इसे एक ऐसा राज्य बना दिया, जो आज भी इसके साथ अस्तित्व में आये राज्यों से न सिर्फ पीछे हैं, बल्कि अकूत धन संपदा के बाद भी एक दरिद्र राज्य के रूप में जाना जाता है। नीतिगत मामलों की बात करें तो सबसे बड़ी भूल जो राजनेताओं और नीति निर्धारकों से हुई। वह यह कि सारी विकास योजनाओं को शहर केंद्रित रखा गया, जिस कारण छोटे कस्बों से लेकर राजधानी रांची तक भीड़ बढ़ती गयी और साथ ही समस्याएं भी। कहीं भूगर्भ जल नीचे चला गया, तो कहीं ट्रैफिक जाम की इतनी बड़ी-बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही है कि सरकार के हाथ पैर फूल रहे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रिंग रोड, बाइपास जैसे उपाय किये जा रहे हैं, लेकिन मौलिक विचार अभी तक किसी ने नहीं किया कि जब स्थान सीमित हो और आवश्यकताएं बहुत हों तो विकास को शहर केंद्रित न कर आसपास के क्षेत्रों तक बढ़ा देना चाहिए। इसका सटीक उदाहरण दिल्ली एनसीआर, नोएडा और गुरुग्राम है। बेंगलुरु, मुंबई जैसे महानगर भी अच्छी यातायात व्यवस्था के कारण डेढ़ 200 किलोमीटर तक से अपने कामकाजी लोगों को आने-जाने की सुविधाएं देते हैं और मुख्य शहर के ऊपर दबाव कम होता जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र भी विकसित हो रहे हैं, जिससे उनकी भी अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और छोटे उद्योग धंधों या व्यवसाय से एक बड़ा उद्योग स्थापित हो रहा है।

**अभी तो राजधानी रांची में कुछ फ्लाईओवर बनने शुरू हुए हैं, जिन्हें आज से 20 साल पहले बनना चाहिए था।**

**दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपने यहां शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की पूरी संभावनाओं के बावजूद बच्चे बाहर उच्च शिक्षा के बाद नौकरी के लिए पलायन कर न सिर्फ करोड़ों रुपये का राजस्व बाहर भेज रहे हैं, बल्कि राज्य की प्रतिभाएं अन्य स्थानों पर जाकर उन राज्यों को समृद्ध कर रही हैं, जिनमें शोषण की शिकार आदिवासी महिलाएं भी शामिल हैं।**

झारखंड की बड़ी समस्या यातायात की है। अभी तो राजधानी रांची में कुछ फ्लाईओवर बनने शुरू हुए हैं, जिन्हें आज से 20 साल पहले बनना चाहिए था। इसी प्रकार पटना में मेट्रो शुरू होने जा रहा है। जयपुर में शुरू हो चुका लगभग सभी राजधानियों ने इस पर विचार किया, लेकिन झारखंड कभी मोनोरेल तो कभी कुछ इस तरह के प्रयोगों से ना सिर्फ जनता के पैसे बर्बाद करता रहा, बल्कि समय भी गंवाता गया। यदि दिल्ली एनसीआर से सीख लेकर झारखंड में मेट्रो शुरू कर दिया जाता और राजधानी रांची को डालटनगंज, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, चाईबासा और कोडरमा जैसे शहरों से धीरे-धीरे फेज वाइज जोड़ दिया जाता, तो जैसे नोएडा और गुरुग्राम तेजी से विकसित हुए, उसी प्रकार एक विकास की नयी रोशनी चारों तरफ बढ़ सकती थी, लेकिन किसी ने इस पर विचार तक नहीं किया। इसी प्रकार नये सरकारी कार्यालय मुख्य शहरों में ही बनाये जा रहे हैं, जिससे भूमि भवन की रजिस्ट्री इलाज और अन्य सरकारी कामकाज के लिए अनावश्यक रूप से शहरों के ऊपर दबाव बढ़ता जा रहा है।

होना यह चाहिए था कि राजधानी रांची हो या कोई भी झारखंड का शहर उसे व्यावहारिक दृष्टिकोण के आधार पर धीरे-धीरे मुख्य शहर से बाहर की तरह विकसित करना चाहिए था, जहां सरकारी कार्यालय खुलते वहां अपने आप शहरीकरण हो जाता। बाजार अपने आप विकसित हो जाते सरकारों को सिर्फ यातायात बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी थी। इसी प्रकार जितनी भी सरकारें आयीं। उन्होंने पेयजल और अग्निशमन जैसी सुविधाओं के नवीनीकरण पर तो कार्य किया, पाइपलाइन बिछाई, लेकिन दशकों पहले से जो जलापूर्ति के बड़े-बड़े स्त्रोत डैम आदि थे। उनको कभी साफ तक करने की जहमत नहीं उठायी। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में दूरदराज से पानी लाने जैसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए थी और दबाव कम करने के लिए जहां पानी हो वहीं पर शहरों को धीरे-धीरे विकसित करना चाहिए था, इन उपायों से बाहर से आने वाली बड़ी कंपनियां जो लाखों करोड़ों रुपये निवेश करने की इच्छा रखती है। उन्हें भी सुविधा होती, लेकिन यह सब करने के बजाय स्थानीय राजनीति में उलझ कर लगभग सभी सरकारें छोटे-छोटे मुद्दों पर ही केंद्रित रहीं।

बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई जैसे अनेक शहर यहां तक कि बहुत हद तक कोलकाता भी आइटी क्षेत्र के कारण समृद्ध हुए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपने यहां शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की पूरी संभावनाओं के बावजूद बच्चे बाहर उच्च शिक्षा के बाद नौकरी के लिए पलायन कर न सिर्फ करोड़ों रुपये का राजस्व बाहर भेज रहे हैं, बल्कि राज्य की प्रतिभाएं अन्य स्थानों पर जाकर उन राज्यों को समृद्ध कर रही हैं, जिनमें शोषण की शिकार आदिवासी महिलाएं भी शामिल हैं। इस विषय पर गंभीरता से कार्य करने के बजाये बाहर से आने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित नहीं किया गया या उनसे मोलभाव जैसे रणनीति ही ज्यादा चलती रही, जिस कारण झारखंड वह गति नहीं पकड़ पाया, जो इसे पकड़ना चाहिए था। इसमें कहीं न कहीं भ्रष्टाचार, नियत में खोट और अदूरदर्शिता थी और सबसे बड़ा कारण तदर्थवाद था। अगर कहीं सड़क बनानी है, तो सड़क बनाने का आदेश दे दिया गया। उसके बाद लोगों को याद पड़ा कि नाली नहीं है, तो सड़क काट कर नाली बनायी गयी। उसके बाद याद पड़ा कि उसने पाइप लाइन बिछानी थी, तो फिर से सड़क खोदी गयी। उसके बाद याद पड़ा कि गैस पाइपलाइन की आवश्यकता है, केबल की आवश्यकता है। इस प्रकार बिना शोध के, बिना चिंतन के अंधाधुंध विकास और तदर्थवाद के कारण वे कार्य न सिर्फ कई गुना महंगे हो जाते हैं, बल्कि एक ही काम को कई कई बार कर करदाताओं के पैसे बर्बाद किए जाते हैं और नये कार्य करने के लिए हमारे पास संसाधनों की कमी हो जाती है, जबकि विकसित राज्यों में इस पर चिंतन होता है विदेशों से देख कर आने वाले लोग अपनी विचारधारा और दृष्टि से लोगों को समृद्ध करते हैं, लेकिन झारखंड में ऐसे विशेषज्ञों को तरजीह नहीं दी गयी। अभी भी समय नहीं बीता है। यदि संक्षिप्त के साथ-साथ दीर्घकालीन योजनाएं बनायी जायें और विशेषज्ञों को बुला कर उनकी राय ली जाये, अध्ययन किया जाये कि अन्य राज्यों ने किस प्रकार अपने को समृद्ध किया है, तो बहुत कुछ किया जा सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

### हिंदू नेता की हत्या के बाद बंद रहा चक्रधरपुर

# संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च

**सोशल मीडिया पर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग तेज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में हिंदू नेता कमलदेव गिरि की हत्या के बाद पूरे इलाके में अब भी दहशत का माहौल है। हत्या के तीसरे दिन एसडीओ रीना हांसदा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की ओर से चक्रधरपुर शहर में फ्लैग मार्च किया गया। संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। पवन चौक से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस क्रम में वार्ड नंबर 10, दंदासाई, भारत भवन चौक, रेलवे क्षेत्र के इतवारी बाजार, रनिंग रूम, मेन रोड, शहीद भगत सिंह चौक, पुरानी रांची रोड, बाटा रोड समेत 17 विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च हुआ। सोमवार को भी चक्रधरपुर में दुकानें बंद थीं। हिंदू संगठनों द्वारा आहुति पश्चिम सिंहभूम जिला बंद का व्यापार पर असर सोमवार को भी चक्रधरपुर में रहा। लंबी दूरी के वाहन भी नहीं चले। सभी दुकानें बंद रहीं। चक्रधरपुर स्टेशन क्षेत्र में भी बंद रखा गया। शहर के माहौल को शांत बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की। इधर सोमवार को भी कमल देवी गिरि के हत्यारों की गिरफ्तार की मांग को लेकर लोगों ने स्वेच्छा से दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखे।

**सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि और अपराधियों को पकड़ने की मांग :** कमल देव गिरि की हत्या के तीसरे दिन भी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए अपने व्हाट्सएप स्टेटस एवं फेसबुक स्टेटस पर तस्वीर लगाये रखी। स्टेटस में कमल देव गिरि के हत्यारों को गिरफ्तार करने की पुलिस प्रशासन से लोगों ने मांग की है। इधर हत्या के बाद से बंद दवा दुकानें एवं पेट्रोल पंप सोमवार को खुल गये।

**क्या है घटना :** चक्रधरपुर में शनिवार को गिरिराज सेना प्रमुख कमल देव गिरि की हत्या बम मार कर कर दी गयी थी। वह रेलवे स्टेशन भारतीय जनता पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर वापस घर लौट रहे थे। भाजपा में शामिल होनेवाले थे। इसी को लेकर वह मुलाकात करने गये थे। वह अपने एक साथी शंकर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से गये थे। वहां से वापस आने के दौरान भारत भवन चौक के पास में उनकी बोतल बम से मार कर हत्या कर दी गयी।

### कांग्रेस नेता आफताब सिद्दीकी की गिरफ्तारी के बाद मानगो दंगा केस में पुलिस हुई रेस

# दूसरे आरोपी मोइज अनवर को भी पुलिस ने दबोचा

**पुलिस पर पत्थरबाजी के मामले में हबीब उर्फ सोनू भी गया जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** मानगो दंगा केस में साजिश रचने के आरोप में कांग्रेस नेता आफताब अहमद सिद्दीकी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उस मामले के एक अन्य आरोपी मोईज अनवर उर्फ मिठू को भी गिरफ्तार किया है। वह उलीडीह के हयातनगर रोड नंबर-5 का रहनेवाला है। घटना 20 मई 2017 की है। मोइज पर षडयंत्र के तहत नाजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से लैस होकर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप है। उसी मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा मानगो पुलिस ने जवाहरनगर रोड नंबर-14 के रहनेवाले मो हबीब उर्फ सोनू उर्फ लेडी सोनू को भी गिरफ्तार किया है। घटना 19 नवंहर 2016 की है। जब भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया था और पत्थरबाजी व तोड़-फोड़ की घटना घटी थी। घटना में पुलिस के जवान भी घायल हुए थे। उसी मामले में मो हबीब को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर नाजायज मजमा बनाकर सड़क जाम कर पत्थरबाजी करने और सरकारी संपित्त को क्षतिग्रस्त करने और पुलिसकर्मियों को जख्मी करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि रविवार को ही मानगो दंगा मामले में साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता आफताब अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# 1932 का खतियान पारित होने पर समिति निकालेगी आभार यात्रा : रामदास सोरेन

**झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने की बैठक में स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा जयंती सभी प्रखंडों में मनाने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के झामुमो जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित पुर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक में कई निर्णय ली गई। बैठक में बीते दिनों झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति एवं नियोजन में पिछडी. जाती को आरक्षण प्रतिशत में वृद्धि के प्रस्ताव को सभी ने सराहना की।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने हेमंत सरकार के द्वारा विधानसभा में 1932 का खतियान पारित होने के खुसी में समिति द्वारा आभार यात्रा निकालने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा आभार यात्रा पुर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा 16 नंबर को निकाला जायेगा। बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी प्रखंडों के सदस्यों व पदाधिकारियों को प्रातः 7:00 बजे कांदरबेरा चौक में एकत्रित होने का निर्णय लिया गया। जहां से सभी रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया आभार यात्रा के दौरान नामकुम चौक में सभी एकत्रित होकर रैली के माध्यम से मौराबादी मैदान में सभी एकत्रित होकर झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करेंगे।

जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने बताया आभार यात्रा में पुर्वी सिंहभूम जिला के सभी केंद्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, सभी सदस्य सहित सभी प्रखंडों एवं पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। बैठक में जिला समिति ने झारखंड राज्य की स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सभी प्रखंडों, नगर समितियों, नगर पालिका, अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं पंचायत समितियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन सुनील महतो ने किया।

मौके पर जिला 20 सुत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, वरिष्ठ नेता राजू गिरी, आस्तिक महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, रोडया सोरेन, जिला सचिव घनश्याम महतो, जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, सागेण पूर्ती, बागराई मार्डी, पिंटू दुत्ता, ज़िला 20 सुत्री सदस्य प्रमोद लाल, युगल किशोर मुखी, राजेश सामंत, चंद्रबती महतो, वरिष्ठ नेता रामदास हांसदा, लाल्टू महतो, बलदेव भुइयां, बाबर खान,महावीर मुर्मू, फैयाज खान, नांटू सरकार, कालिपदो गोराई, करमजीत कौर गील, अरुण मुर्मू, विद्यासागर दास, पीके राय, स्यामल रंजन सरकार, बिनोद डे, अजय रजक और मनोरंजन महतो आदि शामिल रहे।

# 16 और 17 को झामुमो का महाजुटान, 1932 के लिए जतायेंगे सीएम का आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 16 और 17 नवंबर को रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा का महाजुटान होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने बोकारो परिसदन में आपात बैठक बुला कर यह तय किया। जेएमएम का महाजुटान रांची मोरहाबादी मैदान में होगा। मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि इस महाजुटान में लाखों लोग और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि हजार गाड़ियों से हमारे कार्यकर्ता दोनों दिन पहुचेंगे।

पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडे ने कहा कि पार्टी की ओर से अधिकृत तौर पर कोई कार्यक्रम निर्धारित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा से पारित होने पर आभार जताने के लिए इच्छा जतायी है। इसी सिलसिले में कार्यकर्ता रांची पहुंच रहे हैं।

**हम किसी की धमकी से डरनेवाले नहीं :** इस दौरान झामुमो नेताओं ने कहा कि झामुमो की अपना ताकत है। हम किसी भी धमकी से डरनेवाले नही हैं। केंद्रीय सदस्य मंटू यादव ने कहा कि तैयारी को लेकर प्रचार-प्रसार हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य हसन इमाम, जिला उपाध्यक्ष घुनू हंसदा, रणजीत महतो, विश्वनाथ महतो, मोहन मुर्मू ,कलाम अंसारी, फैयाज अंसारी, पान बाबू, केवट, इकबाल अंसारी, फिरदोश अंसारी, दीनू पांडे, मंगल हांसदा, नौशाद आलम, मुक्तेश्वर महतो, लखींद्र मरांडी मौजूद रहे।






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों के मध्य रोमांचक क्रिकेट मैच हुआ तथा बच्चों को फिल्म दिखायी गयी। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके लिए वे स्वस्थ भोजन, लुप्तप्राय पशु, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आदि थीम पर सज-संवरकर आये। इस अवसर पर द सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिमैके) के सहयोग से बिहू नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें संवारना और सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य है।

# प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गाईं में बाल दिवस सह पिंक डे



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गाईं, रांची के प्रांगण में बाल दिवस सह पिंक डे का आयोजन किया गया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और सभी बच्चों के बीच विद्यालय के निर्देशक और प्राचार्या मोजाहिदुल इस्लाम और इस्मत इस्लाम द्वारा कॉपी पेंसिल, पेन और चॉकलेट बांटा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# उड़ान सामाजिक संस्था ने बच्चों के बीच बांटी शिक्षा सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को चिल्ड्रंस डे के अवसर पर उड़ान सामाजिक विकास संस्था की ओर से संस्थापक पायल सोनी की अध्यक्षता में बूटी मोड़ के एकता नगर में छोटे-छोटे बच्चों के बीच शिक्षा सामग्री इरेज़र, पेंसिल, बुक, कॉपी तथा टॉफी का वितरण किया गया। इसके साथ ही पायल सोनी ने बच्चों को पढ़ाई को लेकर कई बातें भी बताईं। बच्चों को समझाया गया कि आज के कॉम्पिटिशन भरे समय में पढ़ाई कितनी जरूरी है। उन्हें बताया गया कि बच्चे आजकल मोबाइल में ज्यादा बिजी हो गये हैं इसका, जिससे उनकी सेहत के साथ उनकी आंखों पर बुरा असर पड़ता है। इस दौरान पायल सोनी ने बच्चों के पेरेंट्स से निवेदन की कि बच्चों को जितना हो सके मोबाइल से दूर रखें। कार्यक्रम के दौरान बच्चे कॉपी, पेंसिल और टॉफी पाकर काफी खुश हुए।






# आचार्यकुलम विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में सोमवार को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कतिक कार्यक्रम एवं रचनात्मक क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी से 1 के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन और बैग पैक रेस, कक्षा यूकेजी के लिए टॉफी रेस, कक्षा - 2 के लिए योग, कक्षा - 3 और 4 के लिए राजस्थानी नृत्य, कक्षा - 5 से 8 के लिए 100 और 200 मीटर दौड़, कक्षा 6 से 8 के लिए लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौर ने बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकानाएं देते हुए कहा कि आज का दिन ही नहीं, प्रत्येक दिन आपका है। कड़ी मेहनत, दृढ संकल्प शक्ति और अथक प्रयास से आप अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। खेलकूद हमें सशक्त बनाता है। शरीर विकास के साथ-साथ मानसिक विकास अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद आवश्यक है। इससे टीम की भावना का विकास होता है। जीवन में अनुशासित होने के लिए भी सीखते हैं। छात्र-छात्राओं को प्राचार्या महोदया द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक प्स्वामी दिव्य देव ने छात्र - छात्राओं को जीवन में कर्तव्यनिष्ठ बनने और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों के लिए 100 मीटर दौड़ और शिक्षिकाओं के लिए चेयर रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस



## बच्चों के सर्वांगीण विकास से नया भारत गढ़ने का सपना पूरा होगा : डॉ नीता पांडेय

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार, समाज, राष्ट्र सहित पूरी मानवता का कल्याण निहित है। इसलिए बच्चों को सही दिशा प्रदान करना समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है। उक्त बातें प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में आयोजित बाल दिवस समारोह में कहीं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से नया भारत गढ़ने के लिए अपनी भूमिका को निभाने की अपील की। बतौर मुख्य अतिथि आनंदमयी सिंह ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को मूल्यों और संस्कारों के साथ जोड़ कर ही तरक्की संभव है। इसके लिए शिक्षक, समाज और संस्था ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इससे पहले मुख्य अतिथि आनंदमयी सिंह और प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर स्पीक मैके की ओर से रंजीत गोगोई के नेतृत्व में असम के पारंपरिक नृत्य बिहू और बोडो की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या ने विभिन्न राज्यों के नृत्य, गीत और परंपराओं को स्पीक मैके द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की। बाल दिवस के अवसर पर शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए मनोरंजक और सृजनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर बच्चों ने झारखंड स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रम के तहत राज्य के लोकनृत्य, परंपरा और संस्कृति से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत की। 'नो अबाउट योर स्टेट' शीर्षक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने राज्य से जुड़ी कई दिलचस्प जानकारियां साझा की। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी को-आर्डिनेटर आशा राज, जबकि संचालन शिक्षिका सोना प्रसाद ने किया।










## जयनील पांडेय हत्याकांड के मुख्य आरोपी को रंका पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रंका (आजाद सिपाही)।** जयनील पांडेय हत्याकांड का फरारी अभियुक्त जियाउल हक अंसारी उर्फ सलीम अंसारी पिता नासिर अंसारी को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रंका पुलिस सब इंस्पेक्टर विकास कुमार तथा विवेक कुमार, श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से रंका थाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसके लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार आशिक सब इंस्पेक्टर विकास कुमार, विवेक कुमार, पिंकू कुमार श्रवन कुमार, विनय कुमार पांडेय का एक एसआईटी पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा के आदेश अनुसार टीम गठित किया गया था। जिसके तहत आज इसकी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने बताया कि इस अभियुक्त के ऊपर पलामू जिला के रामगढ़ थाना में एक, रंका थाना में दो, भंडरिया थाना में दो, गढ़वा थाना में दो, धुरकी थाना में दो सहित अन्य थानों में 15 कांडों में यह अभियुक्त रहा है। इस अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कई दफा प्रयास कर चुकी थी। लेकिन यह पुलिस के हत्थे अभी तक नहीं चढ़ सका था। तब जाकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने इसे गिरफ्तार करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। तब जाकर इसे गिरफ्तार किया जा सका है। पुलिस ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक के कैशियर को अपहरण करके पैसा लेकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त रंका अनुमंडल क्षेत्र के रंका थाना के खपरो गांव का निवासी नासिर अंसारी का पुत्र है।

### उपायुक्त ने सगमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा

## प्रखंड मुख्यालय के आवास में नहीं रहने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**उपस्थिति पंजी की जांच पड़ताल नहीं किये जाने पर बीडीओ को लगायी फटकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** डीसी रमेश घोलप ने सोमवार को सगमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें बीडीओ द्वारा उपस्थिति पंजी को पिछले अगस्त माह से लेकर नवम्बर माह तक एक बार भी जांच पड़ताल नहीं किये जाने पर बीडीओ को फटकार लगायी। वहीं जेई उपेन्द्र रवि व अभिनाश कुमार द्वारा दो दिनों से हाजिरी नहीं बनाने, पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह द्वारा उपस्थिति पंजी पर हाजिरी बनाकर पंचायत में न जाकर प्रखंड में ही रहने के कारण स्पष्टीकरण पूछने को कहा। ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय में बनाये जा रहे आधार कार्ड पंजीयन बंद रहने की शिकायत की। जिस पर डीसी ने खुद आधार केंद्र का निरीक्षण करते हुए वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा उस केंद्र को निरस्त करने की बातें कही, जबकि प्रखंड कार्यालय में उपस्थित कुछ ग्रामीणों ने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं के मनरेगा का मेंडेज भुगतान करने के एवज में 6% कमीशन लेकर मास्टर रॉल सेव करने की शिकायत की। 6% कमीशन नहीं देने वाले व्यक्तियों का मास्टर रॉल जीरो कर देने व प्रखंड मुख्यालय में एक भी योजना संचालित नहीं होने की शिकायत की। जिस पर डीसी ने जांच कर कार्रवाई करने की बातें कही। डीसी ने सभी प्रखंड कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में ही रहने की बातें कही। उन्होंने कहा कि जो प्रखंड कर्मी प्रखंड मुख्यालय के बनाए गए आवास में नहीं रहेंगे उन कर्मियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। वहीं कुछ लाभुकों ने राशन नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर डीसी ने बीडीओ सत्यम कुमार से राशन वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कहा कि अगर जन वितरण प्रणाली द्वारा समय समय पर राशन का वितरण नहीं किया जाता है तो आप हमारे निजी व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। दोषी दुकानदार पर कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान श्री बंशीधर नगर के एसडीओ आलोक कुमार, बीडीओ सत्यम कुमार सहित जिले के कई पदाधिकारी शामिल थे। इधर प्रखंड कार्यालय में एकाएक पहली बार डीसी को निरीक्षण करते देख प्रखंड कर्मियों में हड़कंप मच गया।



झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
जल-जंगल जमीन वाले,
मेहनत की कमाई खाने वाले,
खाते रोटी-मिंडी हैं,
हम झारखंडी हैं।
अनंत कुमार शर्मा
थाना प्रभारी
जारी थाना, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
छोटू उराँव
थाना प्रभारी
बसिया, जिला-गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जंसिता बागे
मुखिया ग्राम पंचायत- आर्या
बसिया, जिला-गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोरंजन कुमार
जेएसएलपीएस
बिशुनपुर, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी झेल चुके बहुत मंहगाई की मार
अब केन्द्र में बनेगी काँग्रेस की सरकार
प्रखंड कॉग्रेस कमिटी
प्रखंड - बसिया जिला- गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र कुमार गुप्ता
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बसिया, जिला - गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप साहू
युवा समाजसेवी
ग्राम तिर्रा केमताटोली
बसिया, जिला-गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
खनिजों की खान हैं हम,
भारत की शान हैं हम,
कोयले की हमारी मंडी हैं,
हम झारखंडी हैं।
मुसर्रत परवीन
पुर्व अध्यक्ष
नगर परिषद
गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
छऊ, झूमर और करम हमारे,
धुस्का, दुधौरी, भात हैं खाते,
पीने को शरबत, महुआ, हांडी है,
हम झारखंडी हैं।
अनूप चंद अधिकार
जिला अध्यक्ष
भाजपा, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुजूर
उपप्रमुख रायडीह
प्रखंड, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता सोरेंग
प्रमुख रायडीह
प्रखंड, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
खनिजों की खान हैं हम,
भारत की शान हैं हम,
कोयले की हमारी मंडी हैं,
हम झारखंडी हैं।
आजाद अंसारी
जिला युवा अध्यक्ष कांग्रेस
कमेटी, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
क्रिकेट में कप्तान कूल हैं हम,
हॉकी पर करते रूल हैं हम,
खेलों में तिरंगे की 24 डंडी हैं,
हम झारखंडी हैं।
रमेश कुमार चीनी
वरीय उपाध्यक्ष
जिला कांग्रेस
कमेटी, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
छऊ, झूमर और करम हमारे,
धुस्का, दुधौरी, भात हैं खाते,
पीने को शरबत, महुआ, हांडी है,
हम झारखंडी हैं।
सदानंद सिंह
थाना प्रभारी
बिशुनपुर थाना
गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम झारखंडी हैं।
बिरसा हैं भगवान हमारे,
युवक अल्बर्ट एक्का परमवीर,
हर बच्ची यहाँ की चण्डी है,
हम झारखंडी हैं।
घनश्याम कुमार रवि
एसआई बिशुनपुर
थाना, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल-जंगल जमीन वाले,
मेहनत की कमाई खाने वाले,
खाते रोटी-मिंडी हैं,
हम झारखंडी हैं।
रोशन बरवा
जिला अध्यक्ष
जिला कांग्रेस
कमेटी, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिरसा मुंडा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदर्शन भगत
सांसद
लोहरदगा संसदीय
क्षेत्र, भारत सरकार

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिरसा मुंडा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
शकुंतला उरांव
प्रदेश महिला
कार्यकारिणी सदस्य
भाजपा, झारखंड

# मोहम्मदगंज के कदलकुर्मी एवं हैदरनगर के कुकही पहुंचे उपायुक्त

## आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे मोहम्मदगंज के कदलकुर्मी व हैदरनगर के कुकही पंचायत पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने कादलकुर्मी के स्थनीय जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आपके गांव आया हूं आने का उद्देश्य है कि आपको घर में ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। आपके सभी कार्यों का निष्पादन ऑन स्पॉट समय रहते कर दिया जायेगा। आप लोग से बस इतना निवेदन है कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्टॉल पर जमा करें। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण का आज अंतिम शिविर है इसके साथ ही आपकी योजना,आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों,मीडिया के प्रतिनिधियों,सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों,मंडल की सदस्य आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सखी मंडल की दीदीयों को इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि टीम वर्क से ही इतना बड़ा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया है। कादलकुर्मी के पश्चात डीसी हैदरनगर के कुकही पंचायत पहुंचे यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।



**विभिन्न लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण**

दोनों ही शिविरों में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया गया मोहम्मदगंज में जहां पेंशन के आवेदन 31 आवेदन आये जिसमें 7 आवेदन स्वीकृत किए गये वहीं हैदरनगर के कुकहीमें पेंशन के 23 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। इसी तरह उपायुक्त ने मोहम्मदगंज में 50 से अधिक लाभुकों के बीच कंबल,सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 9 बच्चियों को आच्छादित किया गया। 7 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। 15 वें वित्त आयोग के तहत दो नयी योजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाभुकों के बीच घर का सांकेतिक चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया। जेएसएलपीएस के तहत 17 दीदियों के बीच 8.50 लाख का सीआईएफ ऋण दिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 महिलाओं के बीच को गैस चूल्हा का वितरण किया गया। आपदा प्रबंधन के तहत एक लाभुक को 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह दोनों ही पंचायतों के लोगों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**कार्यक्रम में इन विभागों के लगे थे स्टॉल**

आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग,श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग,प्रज्ञा केंद्र,आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व विभाग,कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन) सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गये थे।

## समता स्कूल में मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिन समारोह




**सामूहिक प्रयास से होगा चाचा नेहरू के सपनो का राष्ट्र निमार्ण : अक्षय चौहान**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी का जयंती समारोह दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि चाचा नेहरु बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। यही वजह थी कि उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनायी जाती है।उन्होंने कहा कि इस बाल दिवस पर हमें यह प्रण लेना चाहिए की हमसे जैसा भी संभव होगा ,हम बाल शोषण व बाल मजदूरी को रोकेंगे ।वंचित बच्चों को शिक्षा दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।इन्ही प्रयासों से चाचा नेहरू के सपनो का राष्ट्र निर्माण होगा। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा,किरण देवी,सुधांशु सिंह, ओम प्रकाश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान, दीपक कुमार, प्रियंका देवी, राहुल कुमार, दशरथ कुमार, बेबी शेख, मंतेश्वर यादव, कार्तिक कुमार, नंदू प्रजापति, सरिता देवी समेत सैकड़ो छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दस में हुआ पीसीसी पथ का शिलान्यास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दस में हड़ही नदी से झाझा गोदाम तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी वार्ड-दस के पार्षद मधु अग्रवाल और सिटी मैनेजर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि उक्त पीसीसी पथ बनने से वार्ड दस और ग्यारह वार्ड वासियों को काफी सुविधा होगी। सड़क निर्माण नहीं होने से आम अवाम को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजगार के साथ -साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि सड़क क्षेत्र के विकास का आईना होता है,



पीसीसी पथ निर्माण होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा। मौके पर वार्ड पार्षद मधु अग्रवाल ने कहा कि चार वर्ष पूर्व ही पीसीसी पथ निर्माण के लिए मामला को बोर्ड में रखा गया था।जो आज पूरा हुआ। वैसे शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कटिबद्ध है। मौके पर मुख्य रूप से सिटी मैनेजर नजीबुल्लाहदीन अंसारी, जेई अफजल, पवन अग्रवाल, रोहन सिंह उर्फ मिंटू सिंह, मो. फैज, अमीन खान, अनूप सिंह, प्रवीण कुमार, प्रदीप पटेल, संजीत कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संत मरियम स्कूल में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल छात्रावास के प्रांगण में स्कूल के दिवगंत शिक्षक यशवंत प्रसाद के शोक में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि लगभग 11 दिन रिम्स अस्पताल में संघर्ष करने के बाद संत मरियम स्कूल के वरिष्ठ मृदुभाषी और विद्वान शिक्षक यशवंत प्रसाद का निधन हो गया था। स्कूल परिवार ने उन्हे तत्काल आर्थिक मदद प्रदान किया था और उनके सम्मान में एक दिन स्कूल को बंद किया गया साथ ही उक्त अवसर पर शिक्षकों की संयुक्त टीम और छात्रावास के बच्चों ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यशवंत सर का असमय जाना हमारे स्कूल प्रबंधन के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। सर के सम्मान में स्कूल प्रबंधन यशवन्त प्रसाद चेरिटेबल ट्रस्ट का निर्माण करेगा जो भविष्य में स्कूल के शिक्षकों के लिए आपातकाल में मददगार साबित होगा। वे बच्चों में काफी लोकप्रिय थे, और अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करते थे। अपने बेहतर कार्य, कर्तव्य परायणता और सदैव अपने कार्यस्थल को पूजनीय मानने वाले यशवंत सर मृत्यु को प्राप्त होने के बाद भी हम सबों के बीच अपने विचारों से सदैव जीवित रहेंगे। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

## बाल दिवस पर किड्स जोन पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बाल दिवस के शुभ अवसर पर किड्स जोन पब्लिक विद्यालय हैदरनगर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कबड्डी और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।जितने वाले टीम को पुरस्कार से नवाजा गया और नगद पुरस्कार भी दिया गया। छात्र-छात्राओं ने बाल दिवस का खूब आनंद लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालय के सदस्यगण मौजूद थे। मौके पर विद्यालय के निदेशक कमरान खान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यालय के बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। जिससे विद्यालय के बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होता है शिक्षा के प्रति जागरूकता मिलती है। मौके पर




शिक्षक अरविंद कुमार ,अशरफ आलम, श्वेता सिंह, प्रियांशु कुमारी, ज्योति चौहान, रानी सिंह, समन प्रवीण, खुशबू खातून, हलीमा खातून, मौजूद रहे ।छात्र-छात्राओ में विजेता रहे अनूप कुमार, जहांगीर, फैज, आरजू, अल्ताफ, अलफिजा, वानिया, आरिबा को विद्यालय प्रबंधन ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में महिला के लिए आठ आरक्षित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के लिए वार्डों का परिसीमन कर दिया गया है। यहां 16 वार्डों में आठ महिला के लिए आरक्षित किया गया है। निवार्ची पदाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि अभी केवल वार्ड का हुआ है। अध्यक्ष सीट के परिसीमन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। अभी वार्ड का परिसीमन किया गया है। जिसमें वार्ड नंबर एक अनारक्षित अन्य, वार्ड दो अनारक्षित महिला, वार्ड तीन अनारक्षित महिला, वार्ड चार अनुसूचित जाति महिला, वार्ड पांच अनारक्षित महिला, वार्ड छह अनारक्षित अन्य, वार्ड नंबर सात अनारक्षित महिला, वार्ड आठ अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड नौ अनारक्षित अन्य, वार्ड दस अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर ग्यारह अनारक्षित अन्य, वार्ड बारह अनारक्षित अन्य, वार्ड तेरह अनारक्षित अन्य, वार्ड चौदह अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड पन्द्रह अनारक्षित महिला और वार्ड सोलह अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

## ई पॉश मशीन का नेटवर्क गायब, डीलर और लाभुक परेशान

**डीलर तीन किलोमीटर दूर जा कर लगवा रहे अंगूठा, नेटवर्क दुरुस्त कराने की मांग की**

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत और गिद्धि उर्फ चिरैली के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार का ई पॉश मशीन का नेटवर्क काम नहीं करने से कार्डधारियों के बीच काफी मुश्किलें बढ़ गई है। नेटवर्क की समस्या के कारण यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए ही मुसीबत साबित हो रही है। मशीन से कभी फिंगर प्रिंट नहीं मिलता, तो कभी नेटवर्क की समस्या बड़ी बाधा बन रही है। क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न कंपनियों के खराब नेटवर्क के कारण लोग त्रस्त हैं। डीलरों के



दुकान पर ई पॉश मशीन का नेटवर्क काम नहीं करने से दुकान से करीब तीन से चार किलोमीटर दूर कार्डधारियों को बुलवाकर ई पॉश मशीन पर अंगूठे का स्कैन कराने के लिए विवस हैं। दुकानदार दो से तीन दिनों तक अंगूठे का स्कैन के बाद ही लाभुकों के बीच राशन वितरण कर पाते हैं। इस दौरान पैदल चलने व साधन नहीं रहने के कारण कई ऐसे लाभुक भी हैं जिन्हें अंगूठे का निशान नहीं लगा पातें हैं। जिससे वह राशन उठाव से वंचित रह जाते और राशन नहीं मिल पाता है।क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली फुले स्वयं सहता समूह, रामसुन्दर राम सरसोत और खड़ागापु पंचायत के गिद्धि उर्फ चिरैली के डिलर विरेंद्र प्रसाद सिंह गिद्धि आदि लोगों ने बताया कि टू जी ई पॉश मशीन से फोरजी का टावर काफी दूरी का अंतर के कारण विक्रेता और लाभुकों की परेशानी बढ़ी है। इसमें खास बात यह है कि गिद्धि उर्फ चिरैली के डीलर विरेंद्र प्रसाद सिंह के दुकान पर नेटवर्क कभी काम नहीं करता है।अपने दुकान से दो किलोमीटर दूर जा कर लगातार तीन वर्षों से लाभुकों को सेवा दे रहे हैं। वहीं ई पॉश मशीन मिलने के बाद से डीलर के साथ लाभुकों की भी परेशानी बढ़ी है। इस दौरान लाभुक बचन शर्मा, रामश्वरूप राम, पार्वती देवी, कविता देवी, अमर कुमार, शुशीला देवी, निरंजन कुमार, सोना देवी सहित कई लाभुकों ने बताया कि अपने दुकान सरसोत से तीन किलोमीटर पैदल चलकर अपने गांव से पश्चिम दिशा में भांवर पहाड़ी के पास अंगूठा लगाने के लिए आना-जाना पड़ता है।जबकि कई लाभुकों के पास आने-जाने के लिए कोई साधन भी नहीं है।लाभुकों ने इस परेशानी को देखते हुए नेटवर्क की समस्या को दुरुस्त करें या तो ई-पॉस मशीन को ऑफलाइन करने की मांग डीएसओ से की है, ताकि लाभुकों को परेशानी न हो।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

# बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन के सद्गुणों को अपनाने की जरूरत है : डॉ एके सिंह

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में सबसे पहले प्रार्थना सभा में प्राचार्य डां एके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। शिक्षिका प्रभारी पल्लवी सिंह ने बाल दिवस पर पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के व्यक्तित्व पर भाषण प्रस्तुत किए। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा गीत, भाषण, नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की गई। प्री-नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों के लिए नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने खूब लुफ्त उठाया। पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया । अन्त में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह के द्वारा चाचा नेहरु के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा बच्चों को चाचा नेहरु के जीवन के सद्गुणों को अपनाने का संदेश दिया एवं उन्हें बाल दिवस की शुभकामनाएँ दी। प्राचार्य डां एके सिंह ने झारखंड राज्य के 22वें स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह 28वाँ राज्य था जो बिहार राज्य से अलग होकर बना। झारखंड को अलग राज्य का दर्जा हमारे दिवगंत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के काल में प्राप्त हुआ। उन्होनें कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड के मूल निवासी एवं जनजातियों के उत्थान के लिए उन्होनें अहम् भूमिका निभाई। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें देश के प्रति प्रेम, त्याग, समर्पण और देशभक्ति की भावना को अपने हृदय में जगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।




## मेदिनीनगर में निकाय चुनाव की तैयारी हुई तेज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार से प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी है। जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मेदिनीनगर नगर निगम के लिए निवार्ची पदाधिकारियों (आरओ) और सहायक निवार्ची पदाधिकारियों ( एआरओ) को प्रतिनियुक्त कर दिया है। महापौर पद के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को आरओ जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू को एआरओ बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड न. एक से सात तक के आरओ मेदिनीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकरी अमिताभ भगत बनाये गये हैं। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सह नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के अंचल अधिकारी चन्द्रशेखर कुणाल को एआरओ बनाया गया है। वार्ड संख्या 8 से 14 तक के निवार्ची पदाधिकारी सदर सीओ झुन्नु कुमार मिश्रा को बनाया गया है जबकि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर सहायक निवार्ची पदाधिकारी होंगे।

## मेदिनीनगर: संप्रेक्षण गृह में मनाया गया बाल दिवस

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर में सोमवार को संप्रेक्षण गृह में बाल दिवस कार्यक्रम हुआ. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बाल दिवस के मौके पर किशोरों के साथ बाल दिवस मनाया गया. संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक आर्यन प्रसाद ने सभी किशोरों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी. शिक्षकों और गृह के गृहपति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत किशोरों के समक्ष भाषण, नृत्य, गायन और हस्तकला प्रस्तुत कराया गया. इसके बाद किशोरों ने मनोरंजक खेल खेले. बच्चों ने गणित प्रतियोगित, कुर्सी रेस, चॉकलेट रेस, संगीत कार्यक्रम और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया. इसमें विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप उपहार दिए गए. सभी किशोरों को मिठाइयां दी गईं. मौके पर दिव्या रश्मि, परिवीक्षा पदाधिकारी अनिता कुमारी, परामर्शी अमित कुमार, गृहपति वैभव प्रकाश, पारा मेडिकल स्टाफ शिक्षक और संप्रेक्षण गृह में कार्यरत सुरक्षाकर्मी मौजूद थे.



## सिर्फ वादे ही नहीं बल्कि नगर निगम के सर्वांगीण विकास के इरादे साथ चुनावी समर में उतर रहे हैं : मनोज सिंह

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** घर घर यात्रा के दौरान युव समाजसेवी सह मेयर पद के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह वार्ड नंबर 32 में डोर टू डोर जाकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप लोगों के सभी बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए मैं कृतसंकल्पित हूँ। श्री सिंह ने इस दौरान वार्ड नंबर 32 के दर्जी मुहल्ला में खराब पडे.चापाकल को निजी खर्च से मरम्मत करने की बात कही। साथ ही श्री सिंह ने कहा कि वार्ड में विद्युतीकरण के सिमेंट पोल लगवाने के लिए विद्यूत विभाग के पदाधिकारियों से मिलने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिलने के बाद वार्ड की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी सक्रियता के साथ काम करेगे। क्यो कि वह सिर्फ वादे नही बल्कि मेदिनीनगर नगर निगम के सवार्गीण विकास के इरादे साथ चुनावी समर में उतर रहे है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा 32 नंबर वार्ड में नहीं के बराबर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इस दौरान समस्त मुहल्लवासियों ने श्री सिंह का माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य अफजल अंसारी, ताज मोहम्मद, इलियास खलीफा, असराफील, राशिद खलिफा, धीरज जयसवाल, राजेन्द्र, शम्मसुद्दिन खलीफा, शरवर खलिफा, फरीद खलिफा, आलो बीबी, ओरैता बीबी, रायरून बीबी, ताजो बीबी, अरशद, अरमान, अली फैजल सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।



**बैठक : जिले में बनेंगी तीन नयी सड़कें, चौड़ी सड़क से जुड़ जायेंगे कई गांव**

# सड़कें विकास का पैमाना तय करती हैं : उपायुक्त

**उपायुक्त सुशांत गौरव ने की पथ निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में तीन नयी सड़कें तैयार होंगी। जिसमें गुमला बांसडीह कांसिर रोड, भरनो मलगो मोड़ (एनएच 23) से पबिया तालाब एवं अघ्रमा मोड़ से सिसोयिया भाया टक्रमा रोड शामिल हैं। इन सभी सड़कों का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। जल्द ही सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में इन सड़कों का प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामीण रोड के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुनर्निर्माण हेतु 3 सड़कों का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। उक्त सड़क के निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दिये जाएंगे। सड़क निर्माण हो जाने से गुमला जिले के लगभग 30 गांव को एक बेहतर सड़क की सुविधा प्राप्त होगी। जिससे ग्रामीणों को उनके आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। सड़क निर्माण से न केवल ग्रामीणों के आने-जाने के मार्ग बेहतर होंगे बल्कि व्यापार के भी कई रास्ते खुल जाएंगे।

**गुमला बांसडीह-कांसिर रोड :** गुमला बांसडीह कांसिर रोड जो की राष्ट्रीय राजमार्ग (143 ए) में जाकर मिलेगी। जिसकी लंबाई 26.465 किलोमीटर का प्रस्ताव स्वीकृत है। जिसके निकटतम 16 गांव सम्मिलित हैं, जिसमें करम टोली, फुलवार टोली, कुंबाटोली, टाटी टोली, बाशडीह, पर्शा, टुकु टोली, पोगरा, सिमरटोली, हेसाग, भकरी टोली, अंबा टोली, मुरूमकेरा,पखरी टोली, जामटोली तथा काशिर भील गांव हैं।

**अघर्मा (टकरमा) - सकिया- दलमाडी चर्च रोड :** ससिया मोड़ के लिए 13.9 किलोमीटर का प्रस्ताव स्वीकृत कर दी गई है। जिसके रोड चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, एवं मरम्मती के कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दिये जाएंगे। यह सड़क राष्ट्रीय राज मार्ग केटीके रोड में जाकर मिलेगी। इस सड़क के निकटतम 9 गांव हैं जिसमें बंधटोली, डूमरडीह, टकर्मा, खपड़ा टोली, बालाछोड़ा, साकिया , कोचेडेगा, दलमादी एवं ससिया हैं।

**भरनो के मलगो मोड़ से पबिया तालाब रोड :** वहीं भरनो के मलगो मोड़ से पबिया तालाब हेतु 11.00 किलोमीटर के सड़क चौड़ीकरण, मरम्मतीकरण तथा सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव स्वीकृत कर दी गई है। यह सड़क ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्ग 23 से जोड़ेगी। इस क्षेत्र के निकटतम 7 गांव मलगो चौक, बोडो, मलगो, महुआ टोली, सुपा, दड़के एवं पबिया हैं।

उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने आज पथ निर्माण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में उक्त पथ के चौड़ीकरण, सुदृढ़ोकर एवं मरम्मती हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति देते हुए कहा कि इस पथ के चौड़ीकरण से न केवल आसपास के ग्रामीणों को सुविधा होगी बल्कि दूरदराज से आने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। पथ चौड़ीकरण से आवागमन में तो सहायता मिलेगी ही इससे ग्रामीणों को भी कई रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## बीएन जालान कॉलेज के हड़ताली शिक्षकों ने इंटर छात्रों का पंजीयन अप टू डेट होते देख किया हंगामा



**प्रिंसिपल व हड़ताली शिक्षकों के बीच वार्ता बेनतीजा रही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** बीएन जालान कॉलेज के हड़ताली इंटरमीडिएट शिक्षकों ने सोमवार को इंटरमीडिएट छात्रों का पंजीयन अप टू डेट होते देख कॉलेज में जमकर हंगामा किया। इस दौरान शिक्षकों व प्रिंसिपल के बीच गर्मागर्म बहस के साथ हल्की झड़प भी होने लगी। प्रिंसिपल को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया।ज्ञात हो कि इंटरमीडिएट के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी कोरोना काल के आठ माह व फरवरी 2022 से अब तक का बकाया मानदेय भुगतान को लेकर शनिवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। सोमवार को प्रिंसिपल व हड़ताली शिक्षकों के बीच वार्ता हुई। प्रिंसिपल के द्वारा कोरोना काल का मानदेय भुगतान के लिए गठित समिति की बैठक बुलाने व नियमित बकाया भुगतान के लिए जैक से जल्द से जल्द अनुमति प्राप्त कर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही कॉलेज व छात्र हित को ध्यान में रखकर हड़ताल वापस लेने का अनुरोध किया। परन्तु शिक्षकों का कहना था कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती हैं, कॉलेज में पठन पाठन सहित सभी कार्य ठप रहेगा। वार्ता बेनतीजा रहा।

प्रिंसिपल डॉ केके पोद्दार ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा नजदीक है। 20 नवम्बर तक पंजीयन अपलोड करना जरूरी है। नहीं तो तीनो संकाय के एक हजार से अधिक छात्र परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे। इन लोगों के हड़ताल में जाने से सभी छात्रों का पंजीयन अपलोड ठप हो गया था। छात्र हित को ध्यान में रखकर बाहर से ऑपरेटर बुलाकर पंजीयन अपलोड कराया जा रहा था। जिसे हड़ताली शिक्षकों के द्वारा हंगामा कर रोक दिया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION KODERMA**

**Short Tender e-Procurement Notice**
**2nd Call**
**Tender Reference No- WRD/MID/KODERMA/ 18 F2/2022-23 Date-12-11-2022**

| Sl No | Name of Work | Construction of Check dam on devaniya Nala at Block Chandwara , Dist Koderma |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost (BOQ) (Rs) | 68. 439 Lakh |
| 2 | EMD | 137000.00 (Ten lakh Thirty seven Thousand Only) |
| 3 | Tender Reference No | WRD/MID/KODERMA/18 F2/2022-23 |
| 4 | Completion Period for Construction | 11 Months |
| 5 | Mode of submission of Tender | Online through |
| 6 | Publishing on website | Date-18-11-2022 - 2.00. P.M |
| 7 | Period of Downloading of Bidding Documents | Start Date: 18.11.2022 Time: 2.00 PM<br>End Date: 26.11.2022 Time: 5.00 PM |
| 8 | Bids online submission | Start Date: 18.112022 Time: 2.00 PM<br>End Date: 26.11.2022 Time: 5.00 PM |
| 9 | Submission of BID Security & Hard Copy | Date: 28.11.2022 upto 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Start Date : 29.11.2022 at 2.00 PM |
| 11 | Officer inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Koderma |
| 12 | Office recived Hard Copy and Bid Security | 1- E E M Division Koderma<br>2- S E M.I Circle Hazaribagh<br>3- E.E.M.I Design Division Ranchi. |

**NOTE:** -The Tender fee, Earnest Money Deposit (EMD) and Affidavit (Section X) and Bank Certificate for Credit Facility must be submitted upto 28.11.2022 by 5.00 PM. If Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility are not received beforemention date and time tender shall not be accepted.

**Place to receiving Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility**
Executive Engineer Office, M.I. Division Koderma / S.E. office M.I. Circle Hazaribagh /Executive Engineer Office , M.I. Design Division, Ranchi

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Divition, Koderma.**

PR282293 (Minor Irrigation)22-23*D

## कांग्रेसियों ने मनायी चाचा नेहरू की जयंती



**आज भारत का विकास नेहरू जी की रखी गयी नींव पर खड़ा है : रमेश चीनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर मनायी। यह कार्यक्रम कांग्रेस के जिला वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन के दौरान रमेश कुमार सिंह ने कहा कि आज का विकासशील भारत पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा विकास की रखी गई नींव पर खड़ा है। उन्होंने अपने जीवन का 15 वर्ष प्रधानमंत्री का दायित्व निभाते हुए भारत के विकास की संरचना को तैयार करने में लगाई।

रमेश कुमार चीनी ने आगे कहा कि भले ही वर्तमान में केंद्र सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर ले लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के विकास का आरंभ शून्य से किया। उन्हीं के दूरगामी सोच के कारण आज भारत विश्व के अग्रणी देशों में खड़ा है। आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बड़ा प्यार करते थे जिसके कारण वे चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्ध हुए और 14 नवंबर को भारत सरकार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर ही बाल दिवस की घोषणा की।

मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि नेहरू जी ने जो विदेश नीति अपनाई इसका लोहा आज भी पूरा विश्व मानता है। औद्योगिक क्रांति के जनक थे।

इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि देते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

मौके पर अकील रहमान, हेमावती लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, रामनिवास साहू, संध्या देवी, अमर, शिव शंकर प्रसाद साहित काफी संखया में लोग मौजूद थे।

## सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में बाल दिवस सह झारखंड स्थापना दिवस मना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में सोमवार को बाल दिवस सह झारखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय की सचिव अंकिताश्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। किसी भी राष्ट्र की शक्ति बच्चों में ही निहित होती है। एक अनुशासित राष्ट्र के निर्माण में एक अनुशासित छात्र का योगदान होता है। अतः हमें बच्चों में सभी प्रकार के ज्ञान, विज्ञान तथा सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को भरने का प्रयास करना चाहिए। वहीं मौजूद विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने विशेष रूप से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह प्रण लेने का दिन है। जिस प्रकार हमारे महापुरुषों ने अनुशासन को सर्वोपरि माना, उसी प्रकार अनुशासन में रहकर हम अनुशासित राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। झारखंड स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर झारखंड की संस्कृति से संबंधित अनेक प्रकार की झांकियां निकाली गयीं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां भी बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किये।

## बाल दिवस पर 'चिल्ड्रेन फ्रेंडली सिटी' के लिए नगर परिषद ने बच्चों से मांगे सुझाव

**शहर के 627 बच्चों ने दिये लिखित सुझाव**

**बेहतर सुझावों को अमल में लाया जाएगा : ईओ**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में गुमला नगर परिषद ने एक अभिनव पहल की। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार शहर के सभी प्रकार के विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक अध्ययनरत छात्र छात्राओं से उनके विद्यालयों की मदद से लिखित सुझाव मंगवाये। उनकी इस अपील पर सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर शहर के 627 बच्चों ने अपने सुझाव दिये। संजय कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र पांडे तथा गुमला सदर क्षेत्र के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शिव शंकर अकेला की समन्वयात्मक मदद से उन्होंने स्कूली बच्चों से सुझाव मांगे थे कि वे गुमला शहर को और भी अधिक 'चिल्ड्रन फ्रेंडली सिटी' (बाल अनुकूल शहर) बनाने की दिशा में क्या सुझाव देना चाहते हैं। प्रत्येक बच्चे को अधिकतम पांच सुझाव देने थे। फलस्वरूप 10 से अधिक विद्यालयों के 627 इच्छुक छात्र-छात्राओं ने अपने सुझाव दिये।

उपरोक्त फीडबैक लेने के कार्य में नगर परिषद के दोनों नगर प्रबंधकों, कर दरोगाओं तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को भी लगाया गया था।

### कई प्रकार के रचनात्मक सुझाव मिले

संजय कुमार ने बताया कि गुमला शहरी क्षेत्र के इन बच्चों ने जो सुझाव दिए उनमें से ज्यादातर सुझाव सामान्य प्रकृति के हैं किंतु बड़ी संख्या में नवाचारी प्रकृति के सुझाव भी मिले हैं। कुछ बच्चों ने शहर में जेब्रा क्रॉसिंग, डिजिटल लाइब्रेरी, निशुल्क कोचिंग संस्थान, शहर स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, चिल्ड्रन पार्क, प्लानिंग प्रोसेस में बच्चों की भागीदारी जैसे सुझाव दिए।

### सुझावों को अमल में लाया जायेगा

संजय कुमार ने बताया कि फिलहाल शहर के स्कूली छात्रों से मिले सुझावों को संकलित किया जा रहा है, बेहतर सुझावों को आगामी बोर्ड बैठक में भी रखा जाएगा। इतना ही नहीं अच्छे सुझाव भेजने वालों को पुरस्कृत किए जाने के साथ-साथ बोर्ड की अनुमति से रचनाशील बच्चों को बोर्ड में भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया जाएगा।

**सहभागिता :** 'चिल्ड्रन फ्रेंडली सिटी' के संबंध में सुझाव भेजने वाले बच्चे जिन विद्यालयों से संबंधित हैं उनमें प्रमुख रूप से एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला, उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, संत इगनासियुस प्लस टू उच्च विद्यालय, संत पात्रिक प्लस टू उच्च विद्यालय, स्टार डीपीएस, सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, मॉडल स्कूल, राजेंद्र अभ्यास मध्य विद्यालय, लूथेरन स्कूल आदि शामिल हैं।

## बसिया में युवक ने अपनी मंगेतर की चाकू मार कर की हत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत सरुडा गांव में मंगेतर ने अपनी होने वाली पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सिमडेगा जिलान्तर्गत कुरडेग थाना के कुरडेगा झिरकामुण्डा निवासी जेनेविभा तिर्की बसिया थाना के सरूडा निवासी अपनी चाची तीजन एक्का के यहां 1 अक्टूबर को मेहमान आयी थी। सोमवार को जेनेविभा तिर्की का मंगेतर गुमला जिलान्तर्गत रायडीह के शिकोइ निवासी अरविंद कुजूर लगभग ढाई बजे उससे मिलने सरूडा आया और तीजन के घर के अंदर अरविंद कुजूर मृतक जेनेविभा तिर्की और जेनेविभा का नाबालिग छोटा भाई बातचीत कर रहे थे और तीजन एक्का द्वारा बाहर राशन बांटा जा रहा था। इसी दौरान अंदर से चिल्लाने की आवाज आयी, जिसपर तीजन दौड़कर अंदर गयी तब उसने देखा कि अरविंद अपने मंगेतर को चाकू से हमला कर रहा था, तब तीजन द्वारा बीचबचाव किया गया और इसी दौरान तीजन को हाथ में चोट भी लगी। तीजन एक्का एवं अन्य लोगों के आने पर अरविंद घटनास्थल से फरार हो गया। जिसके बाद तत्काल घायल को रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहां इलाज के क्रम में जेनेविभा की मौत हो गयी। आरोपी अरविंद कुजूर और जेनेविभा की सगाई इसी वर्ष दस जून को हुई थी। जिसके बाद दोनों बराबर मिलते रहते थे और अरविंद जेनेविभा से मिलने सरूडा तीन चार बार पहले भी आया था। जेनेविभा नर्सिंग की हुई थी और लॉकडाउन में स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवा भी दी थी।

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत ग्रामीण महिलाओं को सिलाई–कढाई में प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त के निमित इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता का चयन करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता को सूचीबद्ध जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में किया जायेगा।

इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में (Expression of Interest) प्रकाशन की तिथि से दिनांक 22–11–2022 के अपराह्न 2.00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीडपोस्ट / निबंधित डाक के माध्यम से जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 22–11–2022 को 4.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।

नोट– प्रशिक्षण हेतु विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
अध्यक्ष, DMFT, कोडरमा

PR282268 (Rural Development)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, गुमला**

**भर्ती कैम्प–2022**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला द्वारा दिनांक– 17.11.2022 दिन (वृहस्पतिवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान – जिला नियोजनालय कार्यालय, गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification /Eligibility | Experience / Height | Age ( Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Jay Bharat Maruti Pvt. Ltd. Ahmedabad , Gujarat. | Machine Operator | 145 | ITI Pass | - | 18 -35 | 17500 | Gujarat |
| | | Machine Operator | 55 | 10th pass | - | 18-35 | 17500 | ” |
| | | Machine Operator | 50 | 12th pass | - | 18-35 | 17500 | ” |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉफी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

**किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।**

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 282200 Labour Employment and Traning(22-23).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–21/2022–23 ,PR संख्या– 281642 Building (22-23) D द्वारा प्रकाशित निविदा जिसकी बिक्री की तिथिः–16.11.2022 तथा निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने की तिथिः–17.11.2022 निर्धारित थी, को अपरिहार्य कारणवश परिमाण विपत्र बिक्री की नई तिथि तिथिः– 19.11.2022 तथा निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने की तिथिः–21.11.2022 निर्धारित की गई है

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.282329 Building(22-23):D

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

कोडरमा जिला अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के लिए शीत बक्से (परिवहन के दौरान टीका की दवाई को खराब होने से बचाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला) (Cool Box) का क्रय किया जाना है। जिसके लिए दिनांक ....... 21–11–2022.. तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| Sl No | Specification | Quantity Required |
|---|---|---|
| 1 | Specification of cool box<br>• Vaccine Storage Capacity – 1 liter to 1.5 liter<br>• Weight – Fully loaded up to 6 Kgs. Empty (with empty icepacks) up to 3 Kgs<br>• External Surface Material – HDPE (High Impact Polystyrene)<br>• Internal Lining Material – HIPS (High Impact Polystyrene)<br>• Insulation Material – CFC Free Polyurethane<br>• Insulation Thickness – 32/40 mm<br>• External Dimensions (L x W x H) – 24x24x30 cms with 10% standard variation<br>• LID type & Fixings – Removable, Number of Ice packs required & supplied: 4 ice packs type E5/IPO 1.1 Volume of Icepack: 0.03 to 0.40 Ltrs. Actual Cold life without opening at 43 deg C ±1 deg. C is more than 30 hours.<br>• Use – Transport of vaccine by vehicles to larg immunization sessions lasting more than a week.<br>• Certification- The product should be WHO-PQS Certified.<br>• Printing- Logo of JSLPS & Govt. of Jharkhand to be Printed outer side of the boxes.<br>• Normal commercial warranty/guarantee shall be applicable to the supplied goods as per the manufacturer's warranty/guarantee policy. | 342Units |

**निविदा का शर्तः–**

1. इच्छूक आपूर्तिकर्ता को तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग जमा करना होगा।
2. इच्छूक आपूर्तिकर्ता तकनीकी बिड के साथ अपना पैन संख्या, अद्यतन आयकर एवं जी0एस0टी0 रिटर्न संलग्नक करेंगें।
3. आपूर्ती की जाने वाली सामग्री ब्रान्डेड कम्पनी का होना चाहिए।
4. निविदा डालने वाले आपूर्तिकर्ता का फर्म निबंधित होना अनिवार्य होगा।
5. संबंधित निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का शपथ–पत्र समर्पित करना होगा कि उनके विरूद्व किसी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला दर्ज नही है साथ ही उसे किसी सरकारी / गैरसरकारी विभाग द्वारा किसी प्रयोजनार्थ काली सूची में न डाला गया हो।
6. आपूर्तिकर्ता तकनीकी बिड खोलने के समय सामग्री का नमूना अपने साथ जरूर लायेंगे।
7. सर्वप्रथम तकनीकी बिड को खोला जायेगा, उसमें सफल निविदादाता का ही वित्तीय बिड खोला जायेगा।
8. इच्छूक आपूर्तिकर्ता दिनांक .....21–11–2022.......... के आप0 3.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में अपना निविदा जमा कर सकते है। दिनांक ....21–11–2022..के आप0 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में निविदा खोली जायेगी।
9. निविदा के निस्तारण एवं रदद करने हेतु अधोहस्ताक्षरी ही सक्षम होंगे तथा उनके द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, कोडरमा

PR.NO.282221 Rural Development(22-23):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## कार्यक्रम : प्राप्त आवेदनों में से 66 फीसदी से अधिक का हुआ निष्पादन

# सरकार आपके द्वार का आयोजन सफल उठायें योजनाओं का लाभ : डीसी वाघमारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर सभी पंचायतों में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सफल रहा। सोमवार को आखिरी दिन है, जिसमें कुल प्राप्त आवेदनों में से 66 फीसदी से अधिक अब तक निष्पादित कर लिये गये हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम चलाया गया जिसमें लोगों को सीधे पदाधिकारियों से जुड़ने का मौका मिला। लोग इस महाअभियान से जुड़ते चले गये और उनकी समस्याओं का निष्पादन होता चला गया। बाकी बचे हुए आवेदनों का भी निष्पादन शीघ्र हो जायेगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर युवाओं को स्वयं के साथ अन्य को भी रोजगार देने की अपील की। उक्त बातें डीसी ने भटखिजरी पंचायत स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कही।



सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रा को स्वीकृति पत्र सौंपते डीसी।

### योजनाओं का उद्घाटन

डीसी द्वारा इस मौके पर मनरेगा अंतर्गत कुल 20 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। पांच किशोरियों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, केसीसी योजना समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों से अपील की। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, प्रमुख सुनीता कच्छप, उप प्रमुख दीपिका लकड़ा, मुखिया मनीषा कुजूर, पंचायत समिति सदस्य जयमंती उरांव आदि उपस्थित थे।

# सामाजिक समरसता के वातावरण में लोहरदगा के विकास को मिली गति

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण.
उपायुक्त, लोहरदगा



**जोहार**

लोहरदगा जिलावासियों एवं समस्त झारखंड निवासियों को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की पावन बेला पर हार्दिक हार्दिक बधाई। लोहरदगा, झारखंड राज्य प्राकृतिक के गोद में बसा एक जनजातीय बहुल मनोहरम एवं आकर्षक जिला है, मुझे विगत दो मार्च 2022 को उपायुक्त के रूप में पदस्थापित होकर कार्य करने का अवसर मिला। शुरूआती दौर में मेरे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक समरसता को स्थापित कर स्थानीय विकास को गति देने की थी। मैने इसे चुनौती के रूप में लिया। इसको लेकर मेरी मंत्रणा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार से कई बार हुई। अंततः जिले की युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने के लिए शिक्षा, रोजगार एवं खेल कूद की ओर उन्हें प्रेरित करने पर सहमति बनी। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में स्थानीय मेधावी युवा शक्ति की अधिकतम सफलता के लिए गुणनात्मक शिक्षा की कोंचिग देने की व्यवस्था किया। इसके तहत मैं एवं पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार कोंचिंग सेंटर में जाकर बच्चों का क्लास लेकर उन्हें सफलता के लिए प्रेरित करना प्राथमिकता में लिये। सामाजिक समरसता का वातावरण तैयार करने के लिए युवा सद्भावना मंच का जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर में युवक /युवतियों का गठन किया गया। युवा सद्भावना मंच का अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दृष्टिगोचर होने लगा । सद्भावना मंच की अगुवाई में लगातार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजना किया जा रहा है। जिले में रहने वाले विभिन्न समुदाय एवं धर्मो के लोगों की सीधी भागीदारी मंच के कार्यक्रमों में होने लगी। इस माध्यम से प्रतिभाशाली युवक/युवती को विभिन्न खेलों की ओर आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म मिला, उन्हें खेल कूद के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इन आयोजनों से जिले में समता और सामाजिक समरसता का सीधा संचार विभिन्न माध्यमों में होना महसूस किया जाने लगा।

उपर्युक्त सामाजिक समरसता का तैयार हो रहे वातावरण के बाद स्थानीय विकास को गति मिलनी तय थी। राज्य सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी एवं उपयोगी योजनाओं का कियान्वयन जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता के साथ संचालित किया गया। इस माध्यम से पारदर्शी एवं जबावदेह प्रशासन की परिकल्पना पूरी करने की कोशिश की गई। वर्त्तमान में जिले का वातावरण, सामाजिक सौहार्दता एवं समरसता का बना है। कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास अपनी नियमित गति से चल रही है। उपरोक्त महत्वपूर्ण कार्यों में स्थानीय लोकप्रिय एवं सुलझे हुए जनप्रतिनिधियों, जिले के नागरिको, मीडियाकर्मियों, खेल संघों के पदाधिकारियों, व्यवसायिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं के लोग, पुलिस प्रशासन तंत्र के सभी कर्मियों का अपेक्षित एवं समर्पित सहयोग मिला जिसका मैं तहेदिल से आभारी हूं। एक बार पुनः राज्य स्थापना दिवस का हार्दिक हार्दिक बधाई।

**प्रस्तुति**
***सत्यकाम , लोहरदगा।***

## बिरसा मुंडा जयंती व राज्य स्थापना दिवस को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय परिसर मैदान में बैठक हुई, जिसमें 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस को लेकर आयोजित होने वाले विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य मंच की बनावट, विभिन्न विभागों के स्टॉल, अतिथियों, लाभुक, आमजनों के बैठने की व्यवस्था, अतिथियों व दर्शकों के सम्मुख लगनेवाले स्क्रीन, चलंत शौचालय, युवा वॉलेटियर्स की व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिसंपत्तियों का वितरण संबंधी विषयों पर चर्चा हुई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, गोपनीय प्रभारी नारायण राम, डीपीओ अरूण कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी अमित बेसरा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना जिला समन्वयक केके गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## नियोजनालय कार्यालय में 16 को भर्ती शिविर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला नियोजनालय कार्यालय में बुधवार को जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में ही भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में स्किल ट्रेनिंग पद के लिए भर्ती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18-35 वर्ष की आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं वे निकटतम नियोजनालय में या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटरोजगारडॉटझारखंड पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैंप में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों व उसकी एक छाया प्रति, बायोडाटा दो कॉपी, चार फोटो के साथ शामिल हो सकते हैं।

## जेजेएमपी उग्रवादी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददात

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने उग्रवादियों के सक्रिय संगठन जेजेएमपी के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। वह पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के ठेमी ग्राम के रूप में हुई है। वह जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर सूरज जी उर्फ आकाश दस्ते का सक्रिय सदस्य है। जिले के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी के सूरज जी टीम के कुछ उग्रवादी बरवाडीह क्षेत्र में चल रहे कामों में पर्चा देने एवं धमकाने के लिए पलामू किला क्षेत्र में आए हुए हैं। इस सूचना को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने उग्रवादी के पास से जेजेएमपी का दो पर्चा और एक मोबाइल जब्त किया। पूछताछ करने पर बताया कि वह सूरज जी टीम का सक्रिय सदस्य है और उसके कहने पर यहां आया था। यह भी पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना कांड संख्या 07/2021 दिनांक 2/2021 धारा 386/387/34 के भादवी एवं 17 सी एल एक्ट में वांछित है। पुलिस ने बताया कि वह बढनिया घाटी में चल रहे केबल के काम में जाकर जेसीबी के चालक को पर्चा देकर धमकी देकर दो लाख रुपये की लेवी की मांग की थी। वहीं, छापामारी दल में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, सेट 203 सशस्त्र बल बरवाडीह शामिल रहे।

## बिजली करंट लगने से युवती की मौत

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया आंबाटोली में सोमवार को बिजली तार की चपेट में आने से कुम्हरिया अम्बाटोली निवासी स्व अमानत अंसारी की 17 वर्षीय बेटी फरजाना खातून की मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। मौके पर भंडरा पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार इस दिन फरजाना जलावन के लिए अपनी सहेलियों के साथ लकड़ी चुनने गई थी। घर लौटने के दौरान खेत में पटवन के लगे तार की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

# बाल दिवस पर याद किये गये चाचा नेहरू

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित कर बाल दिवस पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। पार्टी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि बच्चों को देश का भविष्य मानने वाले जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे। दोस्ताना रवैया रखने के कारण बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। वे महात्मा गांधी के लिए छोटे भाई जैसे थे और महात्मा गांधी को सब बापू कहते थे। पंडित नेहरू बच्चों को किसी देश की वास्तविक शक्ति और समाज की बुनियाद मानते थे। भारत में 1959 से बाल दिवस मनाया जा रहा है पर तब बाल दिवस 20 नवंबर को ही मनाया जाता था। लेकिन 27 मई, 1964 को पंडित. जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु होने के बाद इनकी स्मृति में इनके जन्म दिवस यानि 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाने लगा।





















**कार्यक्रम :** केंद्रीय पथ निर्माण मंत्री ने पंडुका पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, जनता से किया वादा

# पुल का उद्घाटन झारखंड से किया जायेगा : गडकरी

**पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय मंत्री को पुल का शिलान्यास करने व स्वीकृति देने के लिए दिया धन्यवाद**



अरुण कुमार चौबे

**कांडी/गढ़वा।** सोमवार को झारखंड-बिहार के गढ़वा-रोहतास जिले के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। सोमवार को सोन नद पर बिहार के पंडुका के पास पहुंच पथ सहित टू-लेन उच्चस्तरीय आरसीसी पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी, सड़क परिवहन राज्यमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार वीके सिंह, बिहार राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय मंत्री को पुल का शिलान्यास करने व स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने संबोधित करते हुए सभा में कांडी के गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष पहले सभी के उपहास बनने वाले कांडी के गांधी का सपना आज सच हो रहा है। इस पुल के बन जाने से बिहार से भी ज्यादा गढ़वा व पलामू के जनता को लाभ मिलेगा। क्योंकि इस पुल के बन जाने से मरीजों के साथ-साथ व्यपारियों को भी अत्यधिक लाभ मिलेगा।

वहीं आगे की कड़ी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा पिछले दो वर्षों में मैं हजार करोड़ से कम में गया ही नहीं था। पर आज इस पुल का शिलान्यास में आते हुए इतना आनंद आ रहा था कि मैं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण में कई तरह की अड़चनें सामने आयीं, जिसमें सबसे ज्यादा यहां के जंगल विभाग ने इस पुल निर्माण में बाधा खड़ा किया है। इस पुल के निर्माण से 4 घंटे के समय के साथ अत्यधिक इंजन की भी बचत होगी तथा अब बिहार का खोआ अब आसानी पूर्वक झारखंड के बाजारों में पहुंचेगा। इस योजना के साथ उन्होंने कहा कि तीन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बनाया जा रहा है। जिसमें सासाराम से दो ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे तथा एक इकोनॉमिक कॉरिडोर गुजर रहा है, जो क्षेत्र का विकास करेगा। उन्होंने दोनों क्षेत्र के सांसदों का विशेष रूप से धन्यवाद दिया, क्योंकि इस निर्माण कार्य कराने में दोनों सांसदों का अहम योगदान रहा। उन्होंने उपस्थित जनता से वादा किया कि पुल का उद्घाटन झारखंड के श्रीनगर से किया जाएगा।

इसके साथ-साथ अन्य कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इसके साथ-साथ पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा गढ़वा के अन्नराज घाटी में हो रही दुर्घटनाओं के विषय में बतायी गयी बातों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उस घाटी पर सांकेतिक सड़क व स्थाई समाधान के लिए दुर्घटना वाले स्थान पर सड़क चौड़ीकरण करने के लिए 17 करोड़ दिया गया है, पर जंगल विभाग के अड़चनों के कारण कार्य बाधित होता है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि झारखंड-बिहार के विकास में जंगल विभाग सबसे बड़ी बाधा उतपन्न करता है।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, सांसद छेदी पासवान, विष्णु दयाल राम, संजीव श्याम सिंह, भानु प्रताप शाही, अवधेश नारायण सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।










# आरके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बाल दिवस पर प्रदर्शनी में बच्चों ने लगभग 300 मॉडल प्रस्तुत किये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में बाल दिवस व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट आशीष झा व विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि व निदेशक एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने पंडित जवाहर लाल नेहरु और मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्य अतिथि को विद्यालय के निदेशक के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। कक्षा आठ की छात्रा खुशी व ग्रुप के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने अपने स्कूल के उत्तरोतर विकास और उपलब्धि की चर्चा करते हुए अभिभावकों से स्कूल द्वारा दिए गये दिशानिर्देशों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को मोबाईल, बाइक और पैसों से दूर रखें। उन्होंने संबोधन के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि कमांडेंट झा सर के द्वारा भी अपने संबोधन में बच्चों के कैरियर निर्माण की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि कैरियर बनाने के रास्ते में बाधाएं आती हैं लेकिन हमें घबराना नहीं बल्कि उनका सामना करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के समक्ष मिसाईल मैन एपीजे अब्दुल कलाम और एमएस धौनी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट विज्ञान प्रदर्शनी की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। इसके पश्चात रिबन कटिंग कर विज्ञान प्रदर्शनी का औपचारिक उदघाटन मुख्य अतिथि के द्वारा कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक को तीन भागों में रखा गया था। जिसमें ग्रुप ए में कक्षा 9वीं से 12वीं, ग्रुप बी में कक्षा 8 और ग्रुप सी में कक्षा 6 और 7 को रखा गया था। ग्रुप ए में दिव्यांशु व ग्रुप और शुभ व ग्रुप को पहला, तहशीन व ग्रुप और अमन व ग्रुप को दूसरा एवं अंशूल व ग्रुप और आदित्य व ग्रुप को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं ग्रुप बी में अनमोल व ग्रुप को पहला, आर्यन व ग्रुप और मुस्कान व ग्रुप को दूसरा एवं शगुन व ग्रुप और समीक्षा व ग्रुप को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप सी में आयुष व ग्रुप और प्रज्वल व ग्रुप को पहला, दीपक व ग्रुप और आकृत व ग्रुप को दूसरा एवं फुरकान और रीत को तीसरा स्थान मिला।

इस अवसर पर मुकेश निरंजन सिन्हा, अजय केशरी, आनंद सिन्हा, एसकेएल दास, विजय चौबे और बच्चों के अभिभावक के साथ-साथ स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के उपप्राचार्य संतोष पाण्डेय के द्वारा किया गया।

### निम्नलिखित विषय पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किये गये

जीरो प्रसेंट प्रोडक्शन ऑफ कार्बन, सेभ अर्थ, इलेक्ट्रीशीटी जेनरेट बाई यूजिंग वेस्ठ मटेरियल, हाइड्रोलिक ब्रीज, वंडर ऑफ साइंस, मीट विथ पॉलुशन एंड वैक्युम क्लीनर, सोलर एनर्जी, मॉडर्न सीटी, हाइड्रोइलेक्ट्रीसिटी, स्मार्ट सिटी, अर्थक्वैक डिटेक्टर, एक्वाफोनिक्स फार्मिंग, इंटिग्रेटेट फार्मिंग एंड स्मार्ट इरीगेशन सिस्टम, इलेक्ट्रो मैगनीटिक इंडक्शन, टाइप्स ऑफ पोलुशन, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सेभ सोलर एनर्जी, ड्रोन, सोलर कार, बायो गैस प्लांट, इको इनवायरमेंट, लेजर सिक्यूरिटी अलार्म आदि।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया स्व.कुमार दिलीप सिंह जुदेव की प्रतिमा का अनावरण





**वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ मूर्ति का अनावरण, लगे जय जूदेव के नारे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जशपुर।** दो दिवसीय जशपुर जिला प्रवास के दौरान स्व.कुमार दिलीप सिंह जुदेव की प्रतिमा का अनावरण संघ प्रमुख मोहन भागवत के कर कमलों से किया गया। इस दौरान जुदेव समर्थकों के नारा जय जुदेव से समूचा कार्यक्रम स्थल गुंजयमान हुआ। सोमवार को जशपुर के रणजीता स्टेडियम के पास स्थापित स्व. कुमार दिलीप सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने रिमोट की बटन दबा कर प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर जशपुर राजपरिवार के समस्त सदस्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, ओपी चौधरी, नारायण चंदेल, बृजमोहन अग्रवाल, अरुण साव, नंदकुमार साय, गोमती साय, विष्णुदेव साय, कृष्ण कुमार राय सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





















# एसपी ने क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारियों को चेताया, शांति व्यवस्था पर रहें अलर्ट

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पियूष पांडेय ने सोमवार को छत्तरमांडू स्थित एसपी कार्यालय पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एक एक पदाधिकारी से उनके क्षेत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी लेकर कई निर्देश दिया।

### गोला की घटना से ले सबक, रहे एलर्ट

क्राइम मीटिंग में एसपी ने थाना व ओपी प्रभारियों को विशेष अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। कहा है कि गोला में मंदिर के आसपास प्रतिबंधित मांस फेंक कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। इस घटना के बाद सभी अधिकारी अलर्ट और सबक लेकर आगे बढ़े।

### कोयला तस्करी और खनन पर रखे नजर, सूचना पर करे कार्यवाई

एसपी पांडेय ने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्रों में अवैध कोयला की तस्करी और खनन नहीं होनी चाहिए। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही चिन्हित कर कोयला तस्करो पर कार्रवाई करें। हाल के दिनों में दर्ज मुकदमे की समीक्षा करें और ठोस कार्रवाई करें। ताकि कोयला तस्करों की मंशा पर पानी फिर सके।

### केस डिस्पोजल के साथ वारंटियों को करे गिरफ्तार

एसपी ने कहा कि केस डिस्पोजल पर विशेष फोकस करें। साथी ही समकालीन अभियान चलाकर वारंटी को गिरफ्तार करें। किसी भी थाना व ओपी में केस पेंडिंग नहीं रहे। इसके लिए अपनी कार्रवाई को तेज करें।

# खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण : गुरुदत्त पांडेय

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा स्थित ओ.पी. जिंदल स्कूल में बाल-दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वंदना-सभा और छात्राओं ने समूह गान प्रस्तुत किया। विद्यालय में मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात कक्षाशः विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे दौड़, गोला फेंक, टॉफी रेस, स्पून व मार्बल रेस, बैलून रेस खेला गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने कहा कि विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खेल का मैदान स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सफल होने की भावना एवं अनुकरणीय अनुशासन का जीवंत स्थल है। अवसर पर जे.एस.पी. फाउंडेशन द्वारा संचालित 'आशा-दी हॉप' केंद्र में दिव्यांग बच्चों के साथ कंपनी के महिला क्लब के सदस्यों ने बाल दिवस को केक काट कर एवं बच्चों के बीच चॉकलेट, स्नैक्स और गिफ्ट वितरण कर मनाया।बिरहोर जन-जाती के बच्चों के शिक्षा के लिए चलाये जा रहे बालवाड़ी केंद्र एवं लड़कियों के लिए चलाये जा रहे फुटबॉल कोचिंग के स्थानों पर भी चॉक्लेट और केक का वितरण कर बाल-दिवस मनाया गया।

# साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड के साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेलकूद के आयोजन के अलावा विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। कई बच्चों ने विद्यालय परिसर में फूड स्टाल भी लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा, विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम, प्राचार्य ज्ञान प्रकाश सिन्हा, दंत चिकित्सक डा. शालिनी शर्मा, डा. राहुल कुमार, डा. दिलीप कुमार समेत अतिथिओं ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विद्यालय के खेल मैदान में कक्षा 9 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें कक्षा 10 के विद्यार्थियों की टीम विजेता बनी। विजेता तथा उपविजेता टीम को विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम व अतिथि ने शिल्ड देकर सम्मानित किया।

ओजस्वी, गौरवशाली हमारा झारखण्ड....
समृद्धि व अमन के पथ पर सदैव अग्रसर...
स्थापना दिवस हमसभी को मुबारक !!

व्योमकेश कुमार लाल
समाजिक कार्यकर्ता
गुमला, रांची

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गुलाम समदानी
जिला आपूर्ति पदाधिकारी
गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्णा कुमार तिवारी
थाना प्रभारी भरनो थाना, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कुमारी स्मिता भावना
मिस झारखंड
एशिया इंटरनेशनल इंडिया

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

तनवीर मिरदाहा
मिरदाहा इलेक्ट्रॉनिकसनियर
बैंक ऑफ इंडिया स्कूल
चौक भरनो, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
खनिजों की खान हैं हम,
भारत की शान हैं हम,
कोयले की हमारी मंडी हैं,
हम झारखंडी हैं ।

संजीव उरांव
विधायक प्रतिनिधि
घाघरा, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
ट्रेन-प्लेन, सड़कों की छोड़ो
हर राह बनाते अपनी हम,
भले ही शुरूआत में पगडंडी है,
हम झारखंडी हैं ।

विष्णुदेव कच्छप
बीडीओ घाघरा
गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
क्रिकेट में कप्तान कूल हैं हम,
हॉकी पर करते रूल हैं हम,
खेलों में तिरंगे की 24 डंडी हैं,
हम झारखंडी हैं ।

आदित्य भगत
उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस
बिशनपुर विधानसभा
घाघरा, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिबा देवी
उपप्रमुख घाघरा, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रणव ऋतुराज
अंचलाधिकारी
घाघरा, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कल्याणी कुमारी एक्का
पंचायत समिति सदस्य
रेडवा पंचायत, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हीरा साहू
पुर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष
संरक्षक छोटनागपुरिया तेली समाज, गुमला

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सत्यनारायण पटेल
जिला महा मंत्री
भाजपा गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

योगेंद्र दास
एएसआई भरनो थाना, गुमला

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
जल-जंगल जमीन वाले,
मेहनत की कमाई खाने वाले,
खाते रोटी-भिंडी हैं,
हम झारखंडी हैं ।

टीपू सुल्तान
एमडीआर
पायोनियर कोटेवा
एग्री साइंस घाघरा

कार्यालय नगर परिषद, गुमला
अपील
1. नगर को साफ रखें, यहां वहां कूड़ा न फेंकें। यहां वहां कूड़ा फेंकने पर नगर पालिका अधिनियम 2011 के तहत दंड (जुमार्ना) लगेगा।
2. अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में डस्टबिन जरूर रखें
3. गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग अलग रखें। गीला कूड़ा गीले कूड़े के डब्बे में रखें, सूखा कूड़ा सूखे कूड़े के डब्बे में रखें
4. कूड़ा गाड़ी में ही अपने घर और प्रतिष्ठान का कूड़ा डालें।
5. अपने मुहल्ले की सड़कों और नालियों की सफाई में सफाईकर्मियों का सहयोग करें।
नगर परिषद शहर की स्वच्छता को लेकर दृढ़ संकल्प है। नगर वासियों से अपील की आशा करता है।
ह/-
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गुमला

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती
एवं
झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
सरहुल, करम, रामनवमी हमारी,
बोले खोरठा, हो, कुरूक, मुंडारी
राजभाषा हमारी हिन्दी है,
हम झारखंडी हैं ।

किरण माला बाड़ा
अध्यक्ष
जिला परिषद
गुमला

## विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास



**इटकी (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को प्रखंड के गड़गांव में विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें गढ़गांव व चचगुरा में अखड़ा व गढ़गांव में राजेंद्र साहू के घर से सरना स्थल तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य को स्वीकृति दी गयी है। मौके पर एतवा उरांव, आदित्य कुमार, रमेश महली, घोमा सिंह, अजय गोप, अबू माज सहित अन्य शामिल थे।

## कांके में पंडित नेहरू की जयंती मनायी

**कांके (आजाद सिपाही)।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसियों ने याद किया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर इनकी जयंती मनायी। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने कहा कि पंडित नेहरू एक राष्ट्र निमार्ता थे और बच्चों से बहुत प्यार करते थे उनकी याद में आज हम इनकी जयंती के साथ-साथ बाल दिवस भी मना रहे हैं इनका प्रधानमंत्री काल एक राष्ट्र निमार्ता के रूप में रहा है। देश में इनके कार्यकाल में काफी प्रगति की। महेश कुमार के साथ रांची महानगर कांग्रेस सहित कई कांग्रेसियों ने भी पंडित नेहरू को पुष्प अर्पित कर याद किया।

## नवनिर्वाचित अंजुमन कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी में सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के नव निर्वाचित अंजुमन कमेटी के सदस्यो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हुरहुरी अंजुमन कमेटी की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के नवनिर्वाचित सदर शमीम बड़ेहार,सचिव तस्लीम अंसारी व कोषाध्यक्ष नयुम अंसारी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। सदस्यों ने लोगो से समाज के बेहतरी के लिए हर संभव कार्य करने, समाज में एकजुटता लाने तथा कौम के लोगों में जागरूकता पैदा करने की बात कही। कार्यक्रम में कोंग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश बैठा,हुरहुरी सदर रजब अली,पूर्व सदर मियाजन अंसारी, कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अफताब आलम, खलिल अंसारी,मोबिन अंसारी, मोबारक खान, अख्तर अंसारी,जाकिर अंसारी,लुकमान अंसारी,हाफिज सलीम, के अलावा दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## एजी मिशन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बाल दिवस के अवसर पर एजी चर्च मिशन स्कूल हेसल खिराटोली मे सोमवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने बैलून होस्टिंग कर किया। प्रतियोगिता मे खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सौ मीटर, बैलून रेस, वन लेग रेस, हार्डल रेस सहित अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल की प्राचार्या नीलम टेवां ने बुके देकर किया। मौके पर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक तौर पर सुदृढ़ होते हैं। बाद में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्या नीलम टेवां, शिक्षक रवि कुमार मुण्डा, फ्रैंकलिन एक्का, एंजोरा टुडू, करमी तिर्की, एंजलीन गाड़ी, सीमा तिरू, अनुजा टोप्पो आदि का योगदान रहा।

## बाल दिवस : बेड़ो में स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# आज के बच्चे कल के भविष्य हैं : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** बाल दिवस के अवसर पर डी ए वी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन। जिसमें खेलकूद, पेंटिंग और क्राफ्ट प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। मौके पर बच्चों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजेता वर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता बच्चों को सम्मानित भी किया। आलोक कुमार दुबे ने कहा आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। सामाजिक कार्यकर्ता विजेता वर्मा ने बच्चों से कहा कि अपने माता पिता और गुरुओं का सम्मान करें। रोज सुबह उठकर अपने माता पिता का चरण छुएं। क्योंकि वही हमारे लिए भगवान हैं। शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है। वहीं विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि बाल दिवस हमलोग प्रतिवर्ष हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। स्कूल में खेलकूद, चित्रांकन और आर्ट एंड क्राफ्ट कंपीटिशन का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक श्रवण कुमार, कौशिक गोस्वामी, पंकज पाण्डे, नितेश कुमार, हेमंत कुमार, संदीप सिंह, आरती कुमारी, प्रिस्का खेश, सीमा खेस, अमित कुमार, रवि सिंह, प्रियंका सिंह, ज्योति धीर, अनीता कुमारी, अणु कुमारी, सविता गुप्ता, अंजु पांडे, सावित्री देवी व तारा देवी समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा। इधर विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने विज्ञान एवं कला पर आधारित कई प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। जिसमें ह्यूमन बॉडी इंटरनल ऑर्गन, पॉल्यूशन, पाषाण कालीन जीवन व मानव फेफड़े की कार्यपद्धति सहित विभिन्न प्रोजेक्ट आदि शामिल थे। साथ ही नागपुरी, हिंदी, बांग्ला सहित विभिन्न भाषाओं के गानों पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा सिंह ने चाचा नेहरू के फोटो पर पुष्प अर्पित करके किया।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ प्रवीण चंद्रा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इन्होंने जैसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, वह प्रशंसनीय है। कालांतर में ये होनहार बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर बनकर या अन्य क्षेत्र में जाकर बच्चे अपने परिवार देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यालय की ओर से ऐसे कार्यक्रम को लगातार करते रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है एवं व्यवहारिक विकास में वृद्धि होती है।

मौके पर प्रो. इंद्र मोहन राय, निदेशक ललन सिंह व निशा वर्मा आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# राज्य को खोखला कर रही गठबंधन सरकार : नीलकंठ

**भाजपा गोविंदपुर मंडल और कर्रा मंडल कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कर्रा।** भाजपा गोविंदपुर मंडल और कर्रा मंडल कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हेमंत सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, दुष्कर्म, आनाचार, बालू पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में प्रखंड स्तरीय आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। रैली कर्रा मंडल अध्यक्ष बाल किशुन महतो की अगुवाई में निकाली गई। प्रदर्शन के बाद कर्रा अंचल निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। रैली कर्रा नगर भवन से शुरू होकर कर्रा ब्लॉक परिसर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।

इसमें शामिल खूंटी विधायक सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह आक्रोश रैली झारखंड सरकार की जनता के साथ वादा खिलाफी के विरोध में निकली गयी है। तीन साल पहले झारखंड प्रदेश के लोग अमन चैन से जी रहे थे। अब जनता ने गठबंधन की सरकार बनाई। जनता के खिलाफ यह सरकार काम कर रही है। जिससे पूरे प्रदेश की जनता इस सरकार को कोस रहे है। यह सरकार पूरे प्रदेश को खोखला कर रही है। हेमंत की सरकार बड़े-बड़े पहाड़ों को तुड़वाकर समतल कर रही है। सरकार यहां की खनिज संपदा को देश में न बेचकर विदेशों में बेच रही है। इस सरकार में कहीं भी विकास नजर नहीं आ रहा है। आज बच्चों को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। जन आक्रोश रैली निकालने का मकसद है कि इस गठबंधन सरकार के कान में तेल डालना है, ताकि सरकार की नींद खुले। इससे पूर्व खूंटी जिला भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी के अलावा अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन जगदीश महतो, स्वागत भाषण गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामधन सिंह ने दिया।

मौके पर खूंटी जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, राजेंद्र केसरी, दिलीप सिन्हा, कलिंदर राम, मीना देवी, गंगा मुंडा, विष्णु प्रसाद सोनी, विनय गुप्ता, विनोद नाग, सुरेश जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू परिसर में रांची विश्वविद्यालय रांची के निदेर्शानुसार बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस को प्राचार्य डॉ अरुण कुमार और इंटर इकाई के प्रभारी प्राचार्य डॉ राधा रमन साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच बिरसा मुंडा की जीवनी और संघर्ष की गाथा पर भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से जनजातीय परंपरा के अनुसार संगीत कार्यक्रम ढोल नगाड़े संघर्ष बिरसा की यात्रा पर आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर महेश कुमार, प्रोफेसर डॉ हंस कुमार, डॉ विनीता कुमारी, डॉ विद्याधर मेहता, प्रोफेसर हरेंद्र नाथ महतो, प्रोफेसर भूतनाथ प्रमाणिक, प्रोफेसर संगीता जयसवाल और गौतम कुमार आदि मौजूद थे।

## राजेंद्र यूनाइटेड को हराकर इरबा क्वाफा में, आज भिड़ेगी इंडियन वारियर से




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आराम स्पोटस फाउंडेशन इरबा की टीम सोमवार को गेतलसूद मैदान में खेले जा रहे 17वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के क्वाटरफाइनल में पहुंच गयी। इरबा ने रोमांचक मुकाबले में राजेन्द्र यूनाइटेड गेतलसूद की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 से बराबरी पर था। पेनाल्टी शूटआउट में इरबा की ओर से सन्नी, पारस करमाली, अमर व गोपी ने गोल दागा। वही गेतलसूद की ओर से रवि नायक, सुभाष टोप्पो, राजेन्द्र लोहरा ने गोल दागा। किशन नायक व दुर्गा नायक गोल नही कर सके। इरबा के दिलीप को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि माही कंस्ट्रक्शन के मालिक संजीव सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने प्रदान किया। इस अवसर पर कुमार अभयकांत उर्फ मंटू, बबलू सिंह, रोहित सिंह, जगरनाथ महतो सहित अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, शिवदास गोस्वामी, शंकर बैठा आदि उपस्थित थे। आज का मैच : आराम स्पोटस फाउंडेशन इरबा और इंडियन वारियर।

## टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ पिपरवार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर टीएसपीसी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। सोमवार को पिपरवार थाने में टंडवा के सीनियर एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से टीएसपीसी संगठन के उग्रवादियों द्वारा पिपरवार, खलारी और टंडवा क्षेत्र के कोल व्यवसायी और ट्रांसपोर्ट कंपनियों को फोन पर धमकी देकर लेवी की मांग कर रहे थे। उग्रवादियों की पहचान गोवर्धन महतो उर्फ पिंटू, ललित महतो उर्फ संदीप और सुरेंद्र महतो के रूप में हुई है। गोवर्धन चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बेंतीटोला का रहने वाला है। जबकि ललित ग्राम बेंतागी थाना बुड़मू जिला रांची का का रहने वाला है। उग्रवादियों के पास से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो और एक लाल काला रंग का बुलेट वाहन के अलावा काफी संख्या में मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया गया है। छापामारी में पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, कन्हैया कुमार यादव आदि थे।

## तमाड़ में माकपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** माकपा का बुंडू, तमाड़ और अड़की प्रखंड का दो दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर सोमवार से डोरेया मैरिज हॉल में शुरू हो गया। पूर्व जिला कमेटी सदस्य घासीराम मुंडा ने पार्टी का झंडा फरहा कर किया। इसके बाद शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रस्ताव पारित कर सिंदरी ब्रांच पार्टी के वरिष्ठ साथी कॉमरेड मदन मुंडा के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन राज्य सचिव मंडल के सदस्य कॉमरेड समीर दास ने किया। उन्होंने पार्टी के इस प्रशिक्षण शिविर में शिक्षित होकर जन मुद्दों पर संघर्ष तेज करने और जन संगठन को तेजी से विस्तार करने व अंततः राजनीतिक परिवर्तन करने का आह्वान किया गया। प्रथम सत्र में कम्यूनिस्ट का परिचय विषय पर पार्टी शिक्षक कॉमरेड समीर दास ने कम्यूनिस्ट व वामपंथी राजनीति के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में शिक्षक समीर दास ने मार्क्सवादी दर्शन और आखिरी सत्र में माकपा का कार्यक्रम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसके बाद प्रश्नोत्तर काल भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रामधन मछुआ ने किया। मौके पर जिला सचिव सुखनाथ लोहरा बुंडू तमाड़ अड़की के प्रभारी सुरेश मुंडा, दिवाकर सिंह मुंडा, रंजीत कुमार मोदक मंगल सिंह मुंडा यदु गोपाल सिंह मुंडा, जहरू लाल मुंडा, एतवा मुंडा, भूषण सिंह मुंडा, लक्ष्मी देवी, अनूप दत्ता, रीता स्वा शी सहित बुंडू तमाड़ रांची के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल थे। वहीं, तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा विधानसभा क्षेत्र में लाल झंडा को मजबूत करना होगा और किसान मजदूर छात्र महिलाओं के सवाल को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। मंगलवार को बिरसा जयंती के उपलक्ष पर पार्टी बुंडू बिरसा चौक ध्रुवा मोड़ में झंडा फहराया जाएगा और बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया जाएगा

## अमीन को मारी गोली, घायल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित कवाली में अज्ञात अपराधियों ने जमीन की नापी करने जा रहे आमीन को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल अमीन जोरार निवासी मनोज गोप है।, जिसे रिम्स में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाना की पुलिस जांच में जुटी है।


झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विजय कुमार मेहता
केंद्रीय अध्यक्ष
जोहार पार्टी
इटकी


झारखंड स्थापना दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती पर खलारी कोयलांचल के सभी बिस्थापित, ग्रामीण सहित सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं



मुकद्दर कुमार
शाखा अध्यक्ष



अमृत भोगता
शाखा सचिव



बालेश्वर भोगता
कार्यकारी अध्यक्ष

रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी शाखा एनके एरिया खलारी

झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती की समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रैयत विस्थापितों के हक अधिकार के लिए हमेशा संघर्षरत




बिगन सिंह भोगता
एरिया अध्यक्ष



जालिम सिंह
कार्यकारी अध्यक्ष



रामलखन गंझू
एरिया सह सचिव



जगरनाथ महतो
एरिया सचिव



नरेश गंझू
एरिया उपाध्यक्ष



अमृत भोगता
एरिया उपाध्यक्ष



विनय खलखो
एरिया उपाध्यक्ष



दामोदर गंझू
केडीएच शाखा अध्यक्ष



प्रभाकर गंझू
केडीएच शाखा सचिव



राजेन्द्र उरांव
पुरनाडीह शाखा अध्यक्ष

रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया खलारी

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हर हाथ को काम व हर खेत को पानी मिले।



एमानुएल जयविरस लकड़ा
प्रखंड विकास पदाधिकारी लापुंग

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम झारखंडी हैं ।
सरहुल, करम, रामनवमी हमारी,
बोले खोरठा, हो, कुरूक, मुंडारी
राजभाषा हमारी हिन्दी है,
हम झारखंडी हैं ।





शिल्पी नेहा तिर्की
विधायक
मांदर विधान सभा

झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

घर घर शिक्षा का दीप जलाना लक्ष्य है मेरा



जीवेश्वर साय
प्रभारी प्रधानध्यापक-राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग


धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की जयंती एवं
झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर
पर समस्त झारखंडवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
पतरातु डैम , पतरातु रामगढ़
सन्नी टोप्पो
युवा नेता
मांडर विधानसभा क्षेत्र

## डीएवी छह में मनाया गया बाल दिवस



बोकारो (आजाद सिपाही)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का 133 वां जन्मदिन डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में धूमधाम से मनाया गया। एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रींस कुमार, आद्या कुमारी, शायना शाहा, देवराज, वेदांत सिंह, श्रृष्टि चौहान आदि ने भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में चाचा नेहरू सरोजनी नायडू, नेताजी, महात्मा गांधी, भगत सिंह, किसान फूल, परी, टीचर, डॉक्टर, तितली, पुलिस मेन इंजिनियर आदि के रूप आकर्षा कुजूर, कोमल कुमारी, सताक्षी झा, चित्राक्षी रजवार, मुकुंद तुरी, मयंक, अनुभव, श्वेता रानी, प्रेरणा, महतो आदरशी राज, अंश कुमार स्नेहा कुमारी वानी सिंह ने सबका मन मोह लिया। एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता के साथ ही एक इतिहासकार भी थे। आजादी की लड़ाई में वे कई बार जेल गए। जेल में ही रहकर उन्होंने बहुत सारे पुस्तकों की रचना की। उनका मानना था कि बच्चे देश के निमार्ता हैं एवं उनके लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। मंच संचालन छात्रा स्नेहल ने किया। इस मौके पर अराधना, भावना घाले, नीलम झा, झूमा चक्रवर्ती, प्रशांत कुमार, आभा कुमारी, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## झरिया नगर कांग्रेस ने मनायी नेहरू की 133वीं जयंती, दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में आधुनिक भारत के निमार्ता भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 133वीं जयंती पर क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जनों ने कतरास मोड़ स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में उपास्थित धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुख्तार खान ने कहा कि आधुनिक भारत के अर्थव्यवस्था की नींव उन्हीं ने रखी थी। आज देश को उन पर गर्व है। वहीं रत्नेश यादव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के विराट व्यक्तित्व ने दुनिया और देश के लिये अविस्मरणीय योगदान दिया है। लोक-कल्याण के लिए नए प्रतिमान स्थापित करने वाले ऐसे विराट व्यक्तित्व के धनी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर हमारा भावपूर्ण नमन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्तार खान, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, प्रकाश शर्मा,ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रितम रवानी, पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक बरनवाल, शिव संभू प्रसाद, मनोहर राजवार, भोला नाथ सिंह, बिरेंदर बहादुर सिंह, शादिक अमीन, महेश शर्मा, पिंटू तुरी, झरिया नगर अनूसूचित प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पासवान, राजा अंसारी, कमल शर्मा, बिरजमोहन शर्मा, निसार अहमद, अशोक रवानी, रंजीत कुशवाहा सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोकारो स्टील में बाल दिवस समारोह का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। स्वाधीन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की स्मृति में सोमवार को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मानव संसाधन विकास केंद्र में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, सीईओ (बीपीएससीएल) केके ठाकुर, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक (झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस) जे दास गुप्ता, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबन्धकगण, वरीय अधिकारी तथा बीएसएल संचालित विभिन्न विद्यालयों के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निरसा के उपचुरिया पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार का आयोजन

# सरकार आपके द्वार से जमीनी स्तर पर मिल रहा लाभ : डीसी

**विभिन्न समस्याओं को लेकर जिस सदस्य ने सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा प्रखंड के उपचुरिया पंचायत सचिवालय में सोमवार को हेमंत सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीसी संदीप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि सरकार का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है, जिससे जमीनी स्तर पर आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। हर तबके के व्यक्ति इस प्रकार के कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी समस्याओं का निदान करवा रहे है। अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जागरूकता आने लगी हैं।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी संदीप सिंह।

### जिप सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

इस दौरान जिप सदस्य दिपाली रुहिदास ने डीसी को निरसा चौक में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ करने बारबंदिया घाट में नोका परिचालन में बरती जा रही असावधानी के साथ ही जल्द से जल्द सेफ्टी कोट मुहैया कराने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिप सदस्य ने बताया कि डीसी ने आश्वाशन दिया कि जल्द ही आपदा प्रबंधन को इस विषय वस्तु से अवगत कराकर जो भी आवश्यक कदम होगा उठाया जाएगा। क्षेत्र में अवैध बालू की तस्करी के सवाल का जबाब देते हुए डीसी ने बताया कि माइनिंग विभाग और प्रखंड के अंचलाधिकारी समय-समय पर कार्यवाही करते रहे है व आगे भी अवैध माइनिंग नहीं होने दी जाएगी। शिविर में प्रखंड व अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के स्टॉल लगाये गए थे, ताकि ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो। डीसी संदीप सिंह ने शिविर में लगे स्टॉल व अर्धनिर्मित पंचायत सचिवालय का भी जायजा लिया। लोगों ने अपने-अपने आवेदन शिविर में लगे स्टाल में जमा किया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार राय, प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास, जिप सदस्य रुपाली रोहिदास, मुखिया कन्हाई दास, दिनेश सिंह, अजय पासवान, संबंधित विभाग के पदाधिकारी व प्रतिनिधि व अन ग्रामीण उपस्थित थे।

## महापुरुषों को नमन कर सिंदरी में शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा



धनबाद/सिंदरी (आजाद सिपाही)। सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से नगर अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का सोमवार से शुभारंभ हुआ। सबसे पहले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद यात्रा शुरू हुई जो माटीगड़ा, शहरपुरा होते हुए भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर अंबेडकर चौक जाकर समाप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व धनबाद जिला 20-सूत्री के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह व सिंदरी विधानसभा के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह एवं सिंदरी नगर प्रभारी रविंद्र वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी के आह्वान व राहुल गांधी के नेतृत्व में सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े महत्वपूर्ण ज्वलंत मुद्दे पर ध्यान केंद्रीत करना है।

## पंडित नेहरू की विदेश नीति आज भी प्रारंभिक है : ब्रजेंद



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ड्डारत के प्रथम प्रधानमंत्री ड्डारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस), जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने जवाहरलाल नेहरू के तैल-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। उनकी विदेश नीति आज भी प्रासंगिक है। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने एवं उनके बताए मार्गों पर चलने की जरूरत है। वर्तमान केंद्र सरकार को नेहरू जी के कार्यों एवं उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है। वर्तमान मोदी सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर रही है इसके अलावे 8 सालों में एक भी उपलब्धि देश हित में नहीं रही है,मोदी सरकार देश में लोगों को जाति और धर्म के आधार पर बांटने के बजाय पंडित नेहरू द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरणा लेने की दरकार है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह, दिनेश सिंह डूंगुर, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, मदन महतो, वैभव सिन्हा, दुर्गा दास, राजेश्वर सिंह यादव, रमेश जिंदल आदि मौजूद थे।

## बाल दिवस पर संत पॉल मॉडर्न स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। बाल दिवस पर संत पॉल सोसाइटी की ओर से संत पॉल मॉर्डन स्कूल बोकारो थर्मल में समारोह आयोजित किया गया। जिसकी शुरूआत निदेशक सुरेश गायकवाड़ एवं प्राचार्या स्वाति प्रियंका ने किया। निदेशक सुरेश गायकवाड़ ने बाल दिवस पर बच्चों को शुभकामना दी और बच्चों को बढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में आगे है। चाहे पढ़ाई का मामला हो या खेल का या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का। उन्होंने सभी बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के किये बधाई दी। यहां विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान व नृत्य सहित नाटक एवं देश भगति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित बच्चों सहित अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## 1932 का तोहफा राज्य को मिला, सांसद उसे दिल्ली में पास करायें : रतिलाल टुडू



कतरास (आजाद सिपाही)। झामुमो के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 को लागू कर झारखंडवासियों को तोहफा दिया है। सांसद उसे दिल्ली में केंद्र सरकार से पास कराकर लाये तो झारखंड के लोगों का भला हो जायेगा। वे कतरास स्टेशन रोड में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों व वार्ड के ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार की ओर से सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया है। जिसके तहत बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए 10 लाख का लोन, युवतियों, वृद्ध सहित अन्य को भी लाभ पहुंचाया जा रहा है। झारखंड के साढ़े तीन करोड़ की आबादी वाली लोगों के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कोशिश है। मुख्यमंत्री जनहित के लिए लाभकारी सभी योजनाओं को पारित कर रहे हैं। जनता भी सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ लेकर स्वलंबि बने। इस दौरान राकेश सिंह के नेतृत्व में दर्जनाधिक लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मुखिया अर्जुन भुईयां, अनिल उरांव, गोलू गुप्ता, सेवालाल दे, राजेश पासवान, विकाश राय, फगनु महतो, विकाश हजारी, शर्मा, मुकेश गुप्ता, संजय मंडल, जयराम दास, मुकेश गुप्ता, मन्नू भट्ट, पारस ठाकुर, रौनक सिन्हा, जाहिद कुरैशी, शिया राम भुइंया, संजय रजवार, सोमनाथ गुप्ता, नसीम अंसारी, सोनू कुमार, सज्जाद अंसारी आदि थे।

## बीसीसीएल डीटी ने किया हिलटॉप और राम अवतार आउटसोर्सिंग का निरीक्षण

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल डीटी (ओपी) संजय कुमार सिंह एवं डीटी (पीपी) यूके कांवले ने सोमवार को कनकनी में संचालित हिलटाप एवं राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के उत्खनन पैच का निरीक्षण किया। नक्शे का अवलोकन कर कोयले के उत्पादन में आ रही दिक्कतों की जानकारी स्थानीय कोलियरी अधिकारी और आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए दिशा-निर्देश दिया। कहा कि आसपास रह रहे गैर बीसीसीएल कर्मियों को धीरे-धीरे विस्थापित कर पुर्नवास करें और रैयतों के मामले को हल करें। कनकनी एवं मोदीडीह पेच में निर्धारित लक्ष्य साढे पांच हजार टन प्रतिदिन कोयले उत्पादन का है। इस मौके पर महाप्रबंधक अनुप राय, एरिया सर्वे अफसर आसुतोष कुमार, पीओ एके झा, अवधेश कुमार, वीके झा, प्रबंधक जेएल ध्रुवे, गोपाल, एसके दास, हिलटॉप कंपनी के आलोक अग्रवाल आदि थे।

## अपराधियों ने पेट्रोल पंप मालिक को मारी गोली

ललपनिया (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया थाना क्षेत्र स्थित रंजीत पेट्रोल पंप के मालिक रंजीत साहु को सोमवार की देर शाम लगभग पौने छह बजे अज्ञात अपराधियों ने गोली और चाकू से हमला किया है। इस हमले में श्री साहु पूरी तरह से लहुलुहान हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायल साहु को ललपनिया स्थित टीटीपीएस अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांचोउपरांत बेहतर ईलाज के लिए रांची वेदांता भेज दिया गया। इस घटना से ललपनिया में दहशत का माहौल बना हुआ है, वही घटना के बाद गोमिया सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर आषीश खाखा, थाना प्रभारी सुबोध कुमार दास घटना की छानबीन करने में जुट गए है। पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा और बुलेट बरामद किया है।




### छह सूत्री मांगों को लेकर झामुमो ने किया हर्ल का चक्का जाम

# प्रबंधन विस्थापितों व युवाओं को हर्ल में नहीं देना चाहता रोजगार : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, सिंदरी के मुख्य द्वार के समीप जारी झामुमो का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को चक्का जाम आंदोलन में तब्दील हो गया। झामुमो के जिला अध्यक्ष रमेश टूडू ने बताया कि पिछले 18 दिनों से 75 फीसदी स्थानीय को रोजगार देने समेत 6 सूत्री मांगों को लेकर हमारा क्रमिक धरना चल रहा है हर्ल प्रबंधन हठधर्मिता अपनाते हुए अब तक वार्ता नहीं की है प्रबंधन नहीं चाहती है कि यहां के रैयतों, विस्थापितों और युवाओं को कंपनी में रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि झामुमो ने कभी अन्याय बर्दाश्त नहीं किया है। हर्ल प्रबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों से कार्य कराए यह हमें कतई बर्दाश्त नहीं। इस दिन एक दिवसीय चक्काजाम किया गया है। प्रबंधन अगर 10 दिनों में मांगे पूरी नहीं करती है तो विस्थापितों और युवाओं के हित में अनिश्चितकालीन गेट जाम किया जाएगा। प्रबंधन अगर यहां के विस्थापितों और युवाओं को उनका हक अधिकार नहीं देती है तो ऐसे कंपनियों को चलने नहीं देंगे। इस मौके पर रतीलाल टूडू, राजेंद्र की किस्कू, हैदर अली, प्रसूराम सिंह, देवेन मंडल, चमक लाल सिंह, दीवास बेहरा, अशोक महतो, नाजू सिंह, जगदीश हंसदा, मुकेश गोराई, विकास मंडल, बबलू टूडू, मंसाराम महतो, शुभंकर मंडल, कृष्णा कुंभकार आदि मौजूद थे।



चक्काजाम आंदोलन करते झामुमो कार्यकर्ता।












## उदला आरडब्ल्यूएसएस के सहायक कार्यपालक अभियंता के 4 ठिकानों पर विजिलेंस का छापा

# 25 लाख कैश और लाखों की संपत्ति मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप में उदला आरडब्ल्यूएसएस के सहायक कार्यपालक अभियंता रवि नारायण पंडा के घर पर छापेमारी की जा रही है। भुवनेश्वर समेत 4 जगहों पर विजिलेंस छापेमारी चल रही है। इस छापेमारी में एक अतिरिक्त एसपी, आठ डिप्टी एसपी, पांच इंस्पेक्टर, एक सब-इंस्पेक्टर, 11 एएसआइ और अन्य कर्मचारी शामिल हैं।







भुवनेश्वर, केंद्रापडा और उदला में एक साथ छापेमारी चल रही है। जानकारी के मुताबिक अब तक जो मिला है, उसमें 25 लाख रुपये नकद, खारबेल कॉम्प्लेक्स आईगिनियां खंडगिरी भुवनेश्वर में तीन मंजिली इमारत, भुवनेश्वर पात्रपड़ा में डी ब्लॉक टावर ब्लू हिल अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर 401 फ्लैट, एसपीएस अंडर कंस्ट्रक्शन शॉप नंबर डी -2 और डी -3 खडगिरी शॉपिंग प्लाजा, भुवनेश्वर में स्थित है, प्लॉट नंबर -6-536, नयापल्ली भुवनेश्वर में स्थित त्रिबेनी ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड का परिसर, केंद्रापड़ा में स्थित दानापुर गांव में उनका आवास, केंद्रापड़ा ओस्तपुर में उनके रिश्तेदार का घर शामिल है। जांच अभी भी चल रही है।

# सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** भाजपा विधायक दल के नेता, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। कोयला, बालू, पत्थर आदि तमाम खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति भी बढ़ से बदतर होती जा रही है। श्री मरांडी सोमवार को धनवार ब्लॉक मैदान में पार्टी द्वारा सरकार के खिलाफ आहूत हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ जनाक्रोश रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ खनिज की लूट हो रही है, दूसरी तरफ ढिबरा चुन कर जीवकोपार्जन करने वालो के व्यवसाय पर रोक लगा दिया गया है। कहा कि रोजगार देने की बात तो दूर, यह सरकार रोजी-रोजगार छिनने का काम कर रही है। कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। यह आंदोलन प्रखंड, जिला और प्रदेश तक हेमंत सरकार को हटाने तक जारी रहेगा।



पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि जब सत्ता गैर कानूनी तरीके से राज्य और जनता के साथ छल करे तो चेतावनी देना विपक्ष का कर्तव्य है।

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि अवैध उत्खनित पत्थर व कोयले की तस्करी जहाज से की जा रही है। कोयले का अवैध उत्खनन जेसीबी से कर डंपर से ढुलाई की जा रही है। जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, पवन साव, अजय रंजन, सुबोध राय, नकुल राय, सुरेश साव, नुनूलाल मरांडी, जय प्रकाश साहा, संजय साव, कृष्णदेव रजक, उषा कुमारी, मीरा तिवारी आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता एवं संचालन मनसाडीह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, महेंद्र चौधरी व प्रधुम्न वर्मा ने की। मौके पर अजय मिस्त्री, उपेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, चंद्र शेखर यादव, अजित रजक सुधीर भारती, महेश राय, अर्जुन राय, अमित साव, भुनेश्वर वर्मा आदि मौजूद थे।









































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**